रविवार, 21 दिसम्बर 2025

**मौसम**

तापमान 17 – 26
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 06:11 सूर्यास्त: 16:57

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा



गिल बाहर, इशान किशन और रिंकू सिंह की टी20 विश्व कप टीम में वापसी पृष्ठ 8

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, पौष शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

**सुविचार :** किसी को देना है तो उन्हें समय, प्रेम व सम्मान दें, यही सबसे बड़ा धन है।

# बंगाल से 'महाजंगलराज' खत्म होगा : पीएम मोदी

## कहा- बिहार ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए हैं

- टीएमसी की सरकार को कट व कमीशन की सरकार बताया
- बोले मोदी- बंगाल का बच्चा-बच्चा आज कह रहा- बांचते चाई, बीजेपी ताई

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ममता सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि बंगाल में चल रहे महाजंगलराज का जल्द खात्मा होगा। बांग्लादेश की सीमा से सटे नदिया जिले के ताहेरपर (राणाघाट) में भाजपा की परिवर्तन संकल्प जनसभा को कोलकाता एयरपोर्ट से वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि जिस प्रकार बिहार की जनता ने विकास के लिए जंगलराज को एक स्वर से नकार दिया है, उसी प्रकार अब बंगाल की बारी है। पीएम ने कहा कि आज देश तेजी से विकास चाहता है। बिहार ने 20 साल बाद भी भाजपा-एनडीए को भारी जनादेश व पहले से ज़्यादा सीटें दी हैं। बिहार चुनाव परिणामों ने बंगाल में भाजपा की जीत के द्वार खोल दिए हैं। गंगाजी बिहार से बहते हुए बंगाल पहुंचती है। अब हमें बंगाल को महा जंगलराज से मुक्ति दिलानी है। टीएमसी चाहे जितना विरोध करे, लेकिन बंगाल के विकास को नहीं रोक सकती। मोदी ने कहा कि बंगाल का आज बच्चा-बच्चा, हर गांव, शहर, गली व मोहल्ला कह रहा है कि च्बांचते चाई,



बीजेपी ताईच् (बचना है तो भाजपा चाहिए)।

मोदी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि बंगाल के विकास के लिए पैसों की कमी है, लेकिन यहां की सरकार सिर्फ कट और कमीशन में लगी रहती है। इस जनसभा के जरिए पीएम ने बंगाल में भाजपा के चुनावी अभियान का शंखनाद करते हुए राज्य की जनता से हाथ जोड़कर डबल इंजन की सरकार बनाने का आह्वान करते हुए भाजपा को एक मौका देने की अपील की। कहा कि फिर देखिए कितनी तेजी से यहां विकास होता है।

### घने कोहरे के कारण पीएम का हेलीकाप्टर लैंड नहीं कर पाया

घने कोहरे व खराब विजिबिलिटी के कारण पीएम का हेलीकाप्टर ताहेरपुर में लैंड नहीं कर सका। पायलट ने सुरक्षा कारणों से हेलीकाप्टर को वापस कोलकाता एयरपोर्ट लाया। जहां से पीएम ने जनसभा को संबोधित किया। संबोधन की शुरुआत में ही पीएम ने ताहेरपुर न पहुंच पाने के लिए लोगों से माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मौसम ने कठिनाइयां पैदा कीं, लेकिन मैं फिर आऊंगा।

### घुसपैठियों के लिए एसआईआर का विरोध कर रही टीएमसी

घुसपैठ के मुद्दे पर चिंता जताते हुए मोदी ने कहा कि टीएमसी सरकार उन घुसपैठियों को बचाने की कोशिश कर रही हैं जो बंगाल पर कब्ज़ा करने पर तुले हुए हैं। घुसपैठियों को खुला संरक्षण हासिल है। उन्होंने कहा कि टीएमसी घुसपैठियों को बचाने के लिए बंगाल में एसआइआर का विरोध कर रही है। लोगों को टीएमसी की साजिशों से सावधान रहने की जरूरत है। पीएम ने कहा कि मैंने इंटरनेट मीडिया पर देखा कि कुछ लोगों ने गो बैक मोदी के बोर्ड लगा रखे हैं। इससे बेहतर होता कि बंगाल की हर गली और खंभे पर गो बैक घुसपैठिए लिख दिया जाता। नदिया में मतुआ समुदाय के गढ़ में इस रैली के दौरान पीएम ने कहा कि भाजपा ही बंगाल के लोगों की एकमात्र आशा और विश्वास है। हम हर शरणार्थी और हर नागरिक को सम्मान और सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एसआइआर को लेकर जो भ्रम फैलाया जा रहा, जनता उसे समझ चुकी है।

### बंगाल की सत्ता में बैठे लोग विकास में रोड़ा अटकाते हैं

पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार बंगाल के लिए हजारों करोड़ रुपये भेजती है, लेकिन यहां की सत्ता में बैठे लोग विकास में रोड़ा अटकाते हैं। उन्होंने दावा किया कि बंगाल में हजारों करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाएं अटकी हुई है। मोदी ने कहा कि टीएमसी भाजपा का विरोध करना चाहती है करें। उन्हें हमारा जमकर, बार-बार, पूरी ताकत से विरोध करने दीजिए। मुझे समझ नहीं आता कि बंगाल के विकास में रुकावट क्यों डाली जा रही है। आप मोदी का विरोध कर सकते हैं, लेकिन बंगाल के लोगों को दुखी मत कीजिए। उन्हें उनके अधिकारों से वंचित मत कीजिए। उनके सपनों को तोडऩे का पाप मत कीजिए। उन्होंने कहा कि टीएमसी के कुशासन और च्लूट-तंत्रच् ने बंगाल के गरीब और मध्यम वर्ग को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाया है। भ्रष्टाचार की वजह से युवाओं के हक को छीना जा रहा है।

### 3,200 करोड़ रुपये की दो राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया

जनसभा से पहले पीएम ने वर्चुअल माध्यम से 3,200 करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी किया। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग-12 के 66.7 किलोमीटर लंबे सेक्शन का उद्घाटन और 17.6 किलोमीटर लंबे सेक्शन के फोर-लेन कार्य का शिलान्यास शामिल है। पीएम ने कहा कि ये सड़कें सिर्फ कंक्रीट का रास्ता नहीं हैं, बल्कि बंगाल के आर्थिक विकास के नए द्वार खुला है।

## बांग्लादेश में हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में सात लोग गिरफ्तार

**ढाका/नयी दिल्ली :** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शनिवार को कहा कि हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मैमेनसिंह शहर में बृहस्पतिवार को कथित ईशनिंदा को लेकर भीड़ ने दीपू चंद्र दास (25) की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी और शव को आग के हवाले कर दिया था। मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने 'एक्स' पर लिखा कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने मामले में संदिग्ध के तौर पर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। सरकार ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर अभियानों के दौरान गिरफ्तारियां की गईं और गिरफ्तार लोगों की उम्र 19 से 46 साल के बीच है। पुलिस के अनुसार, भीड़ ने ईशनिंदा के आरोपों में फैक्टरी में मजदूरी करने वाले दास को पहले फैक्टरी के बाहर पीटा और फिर पेड़ से टांग दिया। पुलिस ने कहा कि इसके बाद भीड़ ने मृतक के शव को ढाका-मैमेनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़कर आग के हवाले कर दिया।

## भारतीय साइबर एजेंसी ने व्हाट्सएप 'हाईजैक' की आशंका जताई

**नयी दिल्ली :** भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी सीईआरटी-आईएन ने व्हाट्सऐप के डिवाइस-लिंकिंग फीचर में एक खामी की ओर इशारा किया है, जो हमलावरों को किसी खाते पर पूर्ण नियंत्रण हासिल करने में सक्षम बनाती है, जिसमें वेब संस्करण पर वास्तविक समय के संदेशों, फोटो और वीडियो तक पहुंच शामिल है।'पीटीआई' द्वारा प्राप्त एक परामर्श में एजेंसी ने शुक्रवार को इस मुद्दे को घोस्टपेयरिंग नाम दिया है। ऐसी खबरें आई हैं कि दुर्भावनापूर्ण तत्व बिना प्रमाणीकरण की आवश्यकता के 'पेयरिंग कोड' का उपयोग करके खातों को हैक करने के लिए व्हाट्सऐप की 'डिवाइस-लिंकिंग' सुविधा का फायदा उठा रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया है, घोस्टपेयरिंग नामक इस नए पहचाने गए साइबर अभियान से साइबर अपराधी पासवर्ड या सिम स्वैप की आवश्यकता के बिना व्हाट्सएप खातों पर पूर्ण नियंत्रण हासिल कर सकते हैं। इस खुलासे पर व्हाट्सऐप की प्रतिक्रिया का इंतजार है। भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी-इन) साइबर हमलों से निपटने और भारतीय इंटरनेट क्षेत्र की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी शाखा है। परामर्श में कहा गया है कि उच्च गंभीरता वाले हमले का अभियान आमतौर पर पीड़ित को किसी विश्वसनीय संपर्क से हाय, यह फोटो देखें जैसा संदेश प्राप्त होने से शुरू होता है। संदेश में फेसबुक जैसे पूर्वावलोकन वाला एक लिंक है। यह लिंक एक नकली फेसबुक उपयोगकर्ता पर ले जाता है जो उपयोगकर्ताओं को सामग्री देखने के लिए सत्यापित करने के लिए कहता है।

## बीएसएफ कांस्टेबल भर्ती में पूर्व अग्निवीरों का कोटा 50 प्रतिशत किया गया

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में कांस्टेबल भर्ती के लिए पूर्व अग्निवीरों का कोटा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। यह जानकारी एक राजपत्र अधिसूचना के माध्यम से सामने आई है। यह बदलाव सीमा सुरक्षा बल जनरल ड्यूटी कैडर (गैर-राजपत्रित) भर्ती नियम, 2015 में संशोधन के जरिए किया गया है।अधिसूचना के अनुसार, पूर्व अग्निवीरों के पहले बैच को ऊपरी आयु सीमा में पांच वर्ष और अन्य पूर्व अग्निवीरों को तीन वर्ष की छूट मिलेगी। साथ ही उन्हें शारीरिक मानक परीक्षण और शारीरिक दक्षता परीक्षण से भी छूट दी जाएगी।प्रत्येक भर्ती वर्ष में सीधी भर्ती के तहत 50 प्रतिशत रिक्तियां पूर्व अग्निवीरों के लिए आरक्षित होंगी, जबकि शेष पदों पर अन्य योग्य उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।

## असम में सायरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ने सात हाथियों को कुचला, पांच डिब्बे पटरी से उतरे



**नगांव/गुवाहाटी :** असम के होजाई जिले में शुक्रवार देर रात हाथियों का एक झुंड सायरंग-नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गया जिससे सात हाथियों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वन विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के पांच डिब्बे और इंजन भी पटरी से उतर गए। शुरू में सभी आठ हाथियों के मारे जाने की सूचना मिली थी, हालांकि बाद में कहा गया कि उनमें से एक घायल पाया गया। अधिकारियों ने बताया कि तड़के दो बजकर 17 मिनट पर हुई इस घटना में कोई यात्री घायल नहीं हुआ है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने वन विभाग को विस्तृत जांच करने और वन्यजीव गलियारों को सुरक्षित करने का निर्देश दिया है, जबकि कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई ने दुर्घटना के लिए ''वर्तमान सरकार के तहत अनियोजित और खराब तरीके से विनियमित विकास'' को जिम्मेदार ठहराया है।



### मेस्सी के कार्यक्रम में अराजकता : आयोजक का सनसनीखेज खुलासा

# 'प्रभावशाली व्यक्ति के दबाव में इवेंट में 3 गुना बढ़ाए गए थे एंट्री कार्ड'

## सताद्रु दत्ता ने कहा... 'मेस्सी को छूना-गले लगना पसंद नहीं, अव्यवस्था से नाराज होकर निकले'

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में गत 13 दिसंबर को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेस्सी कथित तौर पर असहज और नाराज हो गए थे। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सताद्रु दत्ता ने विशेष जांच टीम (एसआईटी) से पूछताछ में यह जानकारी दी है। एसआईटी से जुड़े एक सूत्र के अनुसार, दत्ता ने बताया कि मेस्सी को मंच पर लोगों द्वारा पीछे से छूना या गले लगाना बिल्कुल पसंद नहीं आया। उनके विदेशी सुरक्षा अधिकारियों ने पहले ही यह चेतावनी दी थी कि मेस्सी से



शारीरिक दूरी बनाए रखी जाए। इसके बावजूद भीड़ पर कोई असर नहीं पड़ा, और बार-बार की गई सार्वजनिक घोषणाओं के बाद भी लोग नहीं रुके। सताद्रु दत्ता ने जांचकर्ताओं को बताया कि जिस तरह मेस्सी को चारों ओर से घेर लिया गया और उन्हें गले लगाया गया, वह विश्व कप विजेता खिलाड़ी के लिए पूरी तरह अस्वीकार्य था। इसी वजह से मेस्सी तय समय तक कार्यक्रम में नहीं रुके और पहले ही वहां से चले गए। एसआईटी यह भी जांच कर रही है कि मैदान के भीतर इतनी बड़ी संख्या में लोग कैसे पहुंच गए। दत्ता ने दावा किया कि शुरुआत में केवल 150 ग्राउंड पास जारी किए गए थे, लेकिन एक 'बहुत प्रभावशाली व्यक्ति' के स्टेडियम पहुंचते ही यह संख्या तीन गुना कर दी गई। दत्ता के मुताबिक, उस व्यक्ति के आने के बाद पूरे कार्यक्रम की योजना बिगड़ गई और भीड़ पर नियंत्रण संभव नहीं रहा।

**❑ एसआईटी ने सताद्रु दत्ता के 22 करोड़ किए फ्रिज**

एसआईटी ने साल्टलेक स्टेडियम केस टिकट बिक्री से अकाउंट में पैसे ट्रांसफर होने पर शनिवार को रोक लगा दी है। इससे सताद्रु दत्ता की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। इस बीच, एसआईटी की टीम ने उसके घर पर रेड मारी है। रेड में सताद्रु दत्ता के घर से मेस्सी के इवेंट्स से जुड़े कई डॉक्यूमेंट्स के साथ-साथ कई बैंक अकाउंट के डॉक्यूमेंट्स भी बरामद हुए। बताया जा रहा है कि उनके अकाउंट से 22 करोड़ रुपये भी जब्त किए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक, अकाउंट के डॉक्यूमेंट्स बरामद होने के बाद ही पुलिस ने कार्रवाई की। एसआईटी सूत्रों से पता चल रहा है कि सताद्रु दत्ता के अकाउंट से 22 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। वित्तीय लेन-देन को लेकर भी कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। दत्ता ने बताया कि मेस्सी को भारत दौरे के लिए 89 करोड़ रुपये दिए गए, जबकि 11 करोड़ रुपये टैक्स के रूप में भारतीय सरकार को चुकाए गए। इस तरह कुल खर्च करीब 100 करोड़ रुपये रहा। इसमें से लगभग 30 प्रतिशत रकम प्रायोजकों से और 30 प्रतिशत टिकट बिक्री से आई। एसआईटी अधिकारियों ने दत्ता के जमे हुए बैंक खातों में 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी पाई है। दत्ता का कहना है कि यह पैसा कोलकाता और हैदराबाद में हुए मेस्सी कार्यक्रमों की टिकट बिक्री और प्रायोजन से मिला था, जिसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने तीसरी इंटरमीडियरी एजेंसी को, जिसके जरिए टिकट बेचे गए थे, पहले ही निर्देश दे दिए हैं। उनसे कहा गया है कि वे टिकट बिक्री का पैसा किसी भी तरह से सुताद्रु के अकाउंट में जमा न करें, क्योंकि, शुरू में पता चला है कि युवा भारती घटना का मुआवजा उसी पैसे से दिया जाएगा।

## मुर्शिदाबाद हत्याकांड और बांग्लादेश में भीड़ के हमले की तुलना करना 'भ्रामक' : बंगाल पुलिस

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल पुलिस ने शनिवार को कहा कि बांग्लादेश में हाल में एक हिंदू व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या और आठ महीने पहले राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में पिता-पुत्र की हत्याओं के बीच समानताएं दिखाने के प्रयास अत्यधिक भड़काऊ, तथ्यात्मक रूप से भ्रामक और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ने के इरादे से किए गए हैं। इस दिन, पुलिस ने एक बयान में कहा कि मुर्शिदाबाद में पिता-पुत्र हरगोबिंद और चंदन दास की हत्या के आरोपी 13 लोगों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया और एक आरोपपत्र दाखिल किया गया। बयान में कहा गया कि मामले में जल्द फैसला आने की संभावना है। बयान में कहा गया है कि बांग्लादेश की घटना से तुलना करना सांप्रदायिक अविश्वास फैलाने का एक कपटपूर्ण प्रयास है।

इसमें कहा गया कि बंगाल पुलिस राज्य में सांप्रदायिक सद्भाव की सदियों पुरानी परंपराओं को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और इसे बाधित करने के प्रयासों को वह कामयाब नहीं होने देगी। अधिकारियों ने भड़काऊ गलत सूचना फैलाने वाले सोशल मीडिया हैंडल पर भी नजर रखी है और चेताया है कि आपराधिक घटनाओं को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की जाएगी।

## कर्मश्री अब 'महात्मा-श्री', राज्य सरकार ने कार्यदिवस 75 से बढ़ाकर 100 किए



**कोलकाता :** राज्य सरकार ने कर्मश्री योजना का नाम बदलकर 'महात्मा-श्री' करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में वाणिज्य सम्मेलन (कॉनक्लेव) के मंच से पहले ही घोषणा की गई थी, जिसके बाद अब पंचायत विभाग की ओर से आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना के अनुसार, अब कर्मश्री परियोजना को 'महात्मा-श्री' के नाम से जाना जाएगा। साथ ही राज्य सरकार ने विभिन्न विभागों के माध्यम से जॉब कार्डधारी श्रमिकों को अधिक से अधिक काम उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने इस योजना के तहत कार्यदिवसों की संख्या भी बढ़ा दी है। पहले जहां श्रमिकों को 75 दिनों का काम मिलता था, वहीं अब इसे बढ़ाकर 100 दिन कर दिया गया है। सरकार का मानना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक स्थिति को मजबूती मिलेगी। सरकारी सूत्रों के अनुसार, महात्मा-श्री योजना के जरिए पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति मिलेगी और जॉब कार्डधारी श्रमिकों को नियमित आय का सहारा मिलेगा। राज्य सरकार का कहना है कि यह कदम ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और रोजगार सृजन की दिशा में अहम साबित होगा।

# सीएए के ज़रिए मतुआ को भारत में सम्मान के साथ रहने का अधिकार : मोदी

**❑ एसआइआर के कारण गहरे अनिश्चितताओं का सामना कर रहे शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोगों को पीएम ने दिया भरोसा**

**❑ साल्टलेक स्टेडियम की घटना पर कहा- बंगाल जैसा फुटबाल प्रेमी राज्य टीएमसी की वजह से शर्मसार हुआ**

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नदिया जिले के ताहेरपुर में कोलकाता एयरपोर्ट से आनलाइन माध्यम से जनसभा को संबोधित करने के बाद देर शाम एक्स पर कई पोस्ट के जरिए भी बंगाल को लेकर कई बातें रखीं। पीएम ने विशेषकर एसआइआर के कारण अपनी नागरिकता को लेकर गहरे अनिश्चितता का सामना कर रहे



शरणार्थी मतुआ समुदाय के लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा लागू किए गए सीएए के जरिए मतुआ को भारत में सम्मान के साथ रहने का अधिकार है। पीएम ने लिखा- मैं हर मतुआ और नमशूद्र परिवार को भरोसा दिलाता हूं कि हम हमेशा उनकी सेवा करेंगे। वे टीएससी की कृपा से यहां नहीं हैं। पीएम ने आश्वस्त किया कि अगर बंगाल में भाजपा की सरकार बनती है, तो हम मतुआ और नमशूद्र समुदाय के लिए और भी ज़्यादा काम करेंगे।पीएम ने इसके अलावा हाल में कोलकाता के साल्टलेक स्टेडियम में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर लियोन मेसी के कार्यक्रम में हुई अराजकता की घटना को लेकर भी ममता सरकार पर निशाना साधा।

पीएम ने कहा कि बंगाल जैसा फुटबाल प्रेमी राज्य टीएमसी की वजह से शर्मसार हुआ। हाल की घटना ने इतने सारे फुटबाल प्रेमी युवाओं का दिल तोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी अपनी पूरी ताकत उन घुसपैठियों को बचाने में लगा रही है, जो बदले में बंगाल के गरीबों को लूटते हैं, आतंक, अराजकता फैलाते हैं और हमारी नारी शक्ति के खिलाफ अत्याचार करते हैं। उन्होंने बंगाल के लोगों को भरोसा दिया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद घुसपैठियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, जाम में फंसे सौगत राय

### तृणमूल सांसद को चलना पड़ा पैंदल, ऑटो में सवार पहुंचे कार्यक्रम स्थल

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ लूट, हत्या तथा आगजनी की घटनाओं के विरोध में शनिवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन में तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय जाम में फंस गए और उन्हें करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ा व इसके बाद, वह एक ऑटो में सवार हो सके। दरअसल, विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के उत्तर किनारे स्थित सोदेपुरमध्यमग्राम मार्ग को बाधित कर दिया था और इससे राय का वाहन जाम में फंस गया। रॉय पनिहाटी उत्सव शीतकालीन मेले का उद्घाटन करने के लिए जा रहे थे। प्रदर्शनकारियों द्वारा नाकाबंदी हटाने से इनकार किए जाने के कारण सांसद लगभग आधे घंटे तक अपनी कार में फंसे रहे। प्रदर्शन में शामिल उत्तर 24 परगना जिले की भाजपा युवा शाखा के लगभग 100 कार्यकर्ताओं ने सड़क पर टायर जलाए और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस, इस्लामी कट्टरपंथियों तथा पड़ोसी देश में भारत विरोधी प्रदर्शनों के खिलाफ नारे लगाए। भाजपा के एक नेता ने कहा कि हम इस्लामी कट्टरपंथियों द्वारा एक हिंदू युवक की बर्बर हत्या का कड़ा विरोध करते हैं। रॉय ने पत्रकारों से कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है उसकी हम सभी निंदा करते हैं। लेकिन सद्भाव और मेलजोल की भूमि पश्चिम बंगाल, जहां कानून का राज है वहां उन्माद भड़काने की कोशिश करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर किसी को शांतिपूर्ण आंदोलन करने का अधिकार है। इसके बाद वह अपनी कार से बाहर निकलकर पैदल चले और इसके बाद की यात्रा ऑटो-रिक्शा से पूरी की।

# एसआईआर: शनिवार से शुरू हुई सुनवाई प्रक्रिया, नोटिस जारी करने का रास्ता साफ

**कोलकाता :** राज्य में मतदाता सूची की खसड़ा सूची प्रकाशित होने के बाद शनिवार से विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत सुनवाई प्रक्रिया शुरू होने की बात थी। हालांकि, तकनीकी कारणों से सुनवाई शुरू करने का विकल्प सक्रिय नहीं होने के कारण बीएलओ और ईआरओ को शुरुआती परेशानी का सामना करना पड़ा।

इस संबंध में राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने बताया था कि सुनवाई प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवश्यक तकनीकी कार्य जारी है। अब ताजा जानकारी के अनुसार राज्य में सुनवाई प्रक्रिया का विकल्प सक्रिय कर दिया गया है। इसके साथ ही संबंधित मामलों में सुनवाई के लिए नोटिस जारी किए जाने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी।

निर्वाचन आयोग के सूत्रों के अनुसार, नोटिस जारी करने के बाद संबंधित पक्षों को सुनवाई के लिए कम से कम सात दिनों का समय दिया जाएगा, ताकि वे अपने दस्तावेज और आपत्तियां प्रस्तुत कर सकें।

सुनवाई के दौरान सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे या नहीं, इस पर अभी अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। हालांकि, फिलहाल सीसीटीवी की व्यवस्था नहीं होने की संभावना अधिक जताई जा रही है। सूत्रों का कहना है कि सुनवाई प्रक्रिया की पहली बैठक 25 दिसंबर से पहले शुरू होने की संभावना नहीं है।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और निर्धारित दिशा-निर्देशों के तहत संपन्न कराई जाएगी।

## बीएलओ के मोबाइल एप में जोड़ा नया विकल्प, 32 लाख वोटर्स को होगा लाभ

### नये विकल्प के विरोध में एसआईआर से जुड़े सभी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के काम का पहला चरण पूरा हो गया है। ड्राफ्ट लिस्ट जारी कर दी गई है। इसके बाद, बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) ऐप में फिर से एक नया 'ऑप्शन' जोड़ दिया गया है। इसके विरोध में बीएलओ राइट्स प्रोटेक्शन फोरम ने आवाज उठाई है। विरोध में उन्होंने रविवार से विशेष गहन पुनरीक्षण के काम का बॉयकॉट (बहिष्कार) करने की चेतावनी दी है। बीएलओ ने 22 और 23 दिसंबर को सीईओ के ऑफिस तक एक और मार्च निकालने का भी आह्वान किया है। यह नया ऑप्शन शनिवार की सुबह से बीएलओ ऐप पर दिख रहा है। जिन लगभग 32 लाख वोटर्स की पहचान 'अनमैप्ड' के तौर पर हुई है, उनमें से कई में लॉजिकल डिस्क्रिपेंसीज हैं। यानी, नामों की स्पेलिंग में गलतियां हैं या उनके पिता की उम्र के मुकाबले उम्र में 15 साल या उससे कम का अंतर है। कमीशन ने कहा है कि इन वोटर्स के डेटा को दोबारा जांचने या चेक करने के लिए बीएलओ ऐप में यह नया ऑप्शन दिया गया है। बीएलओ को इन नामों को फिर से वेरिफाई करना होगा और ऐसे वोटर्स की पहचान करनी होगी। इसके अलावा, बीएलओ को उन लोगों के लिए एक अंडरटेकिंग देनी होगी जिनके नाम पहचाने गए हैं। ऐसे में इन वोटर्स को हियरिंग के लिए नहीं बुलाया जाएगा। इस बीच, बीएलओ अधिकार सुरक्षा मंच ने बीएलओ ऐप में इस नए ऑप्शन को जोड़ने का विरोध किया है। उन्होंने शनिवार को राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के ऑफिस में सीईओ मनोज कुमार अग्रवाल के नाम एक लेटर भी भेजा है, जिसमें साफ कहा गया है कि उन पर हर दिन नए काम थोपे जा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि वे आज से एसआईआर से जुड़े सभी कामों का बायकॉट करेंगे।

ESTD. 2000
हावड़ा वेलफेयर ट्रस्ट
पी-145, बनारस रोड (बिराडिंगी), हावड़ा-8
गंगासागर तीर्थयात्री सेवा-शिविर
दिनांक 11 जनवरी से 15 जनवरी 2026
आवास, चाय, भोजन, पेयजल, बच्चों के लिए दूध, प्राथमिक चिकित्सा का निःशुल्क प्रबंध
स्थान : राधा कुंज सड़क नं. 5, सागरद्वीप, द. 24 परगना
इस निमित्त आप अपना सहयोग HOWRAH WELFARE TRUST के नाम से चेक/ड्राफ्ट/नकद राशि द्वारा ट्रस्ट कार्यालय में प्रेषित करें या ICICI BANK में A/c. No. 160601002588, IFSC CODE. ICIC0001606 में जमा करें।
दिया गया अनुदान आयकर की धारा 80G के तहत कर मुक्त है।
Scan & Pay
सहयोग संग्रह करवाने की भी व्यवस्था है। सम्पर्क करें :-
सत्यनारायण खेतान : 9830163855
अशोक अग्रवाल 9830083921
अशोक गोयल 9831150193
विजय गोयल 9830125759

।। श्री गणेशाय नमः ।।
।। श्री श्याम देवाय नमः ।।
।। श्री हनुमते नमः ।।
डाक निशान पद यात्रा
एक निशान श्याम के नाम
पंचम डाक निशान हावड़ा (कोलकाता) से खाटू धाम



भावना से अर्जी लगा के देख लो, श्रद्धा से शीश को झुका के देख ले, होती है मनोकामना पूरी खाटूधाम में, एक बार निशान हावड़ा (कोलकाता) से खाटूधाम चढ़ा के देख लो
कीर्तन :
बुधवार २४.१२.२०२५, दोपहर २ बजे
राघव रेजीडेंसी कम्युनिटी हॉल
जैन अस्पताल के पास, हावड़ा
कीर्तन का सीधा प्रसारण
YouTube
Ek Nishan Shyaam Ke Naam
प्रारम्भ :
राम दरबार, राघव रेजीडेंसी
जैन अस्पताल के पास, हावड़ा, पश्चिम बंगाल
दिनांक : 25-12-2025 बृहस्पतिवार
समय : सुबह 9.30 बजे
1800 K.M.
कीर्तन एवं डाक निशान का सीधा प्रसारण
YouTube
Ek Nishan Shyaam Ke Naam
समापनः
स्थान : श्री श्याम मंदिर खाटू धाम
(राजस्थान)
05.01.2026 सोमवार
सम्पर्क सूत्र
मुकेश गोयल 98300 14850, मनोज अग्रवाल 99038 27909, रविशंकर पांडेय (संजय) 99035 93337
अंकित अग्रवाल 81000 13140, अनिल पौद्दार 98308 17358, कमल बगड़िया 98302 49923
कमल अग्रवाल, राजेश तोदी, नागेन्द्र अग्रवाल, सत्य नारायण भट्टर, शिव पंसारी
आयोजक : एक निशान श्याम के नाम

# फेसबुक पर 'चोर' लिखकर दिया इस्तीफा, अधीर चौधरी के हाथों कांग्रेस में लौटीं शाहनाज बेगम



**मुर्शिदाबाद :** पश्चिम बंगाल की राजनीति में बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। तृणमूल कांग्रेस छोड़कर मुर्शिदाबाद जिला परिषद की पूर्व सदस्य शाहनाज बेगम ने कांग्रेस का दामन थाम लिया है। शनिवार को बहारमपुर स्थित कांग्रेस कार्यालय परिसर में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के हाथों पार्टी का झंडा लेकर उन्होंने कांग्रेस में औपचारिक रूप से वापसी की। उल्लेखनीय है कि शाहनाज बेगम ने 17 दिसंबर को मुर्शिदाबाद जिला परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दिया था। इससे पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए 'चोर' शब्द का इस्तेमाल किया था, जिसके बाद उनके इस्तीफे और दल बदल की अटकलें तेज हो गई थीं। शाहनाज बेगम मुर्शिदाबाद जिला परिषद में सहकारी सभाधिपति रह चुकी हैं और कृषि कर्माध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने जिम्मेदारी संभाली थी। वह महिला तृणमूल कांग्रेस की जिला नेतृी भी थीं। रेजिनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जिला परिषद सीट से वह लगातार तीन बार निर्वाचित हुई हैं। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, शाहनाज बेगम ने पहली बार कांग्रेस के टिकट पर जीत दर्ज की थी। वर्ष 2016 में मुर्शिदाबाद जिला परिषद के गठन के दौरान उनकी अहम भूमिका रही थी, जिसके बाद उन्होंने तृणमूल कांग्रेस जॉइन की थी। तृणमूल में शामिल होने के बाद उन्होंने दो बार पार्टी के टिकट पर जीत हासिल की। कांग्रेस में शामिल होने के मौके पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि शाहनाज बेगम की 'घर वापसी' से पार्टी को मुर्शिदाबाद में संगठनात्मक मजबूती मिलेगी। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब बदलाव चाहती है।

## भारत में पॉक्सो मामलों के निपटान में ऐतिहासिक सुधार, दर्ज मामलों से अधिक का हुआ निपटारा



**नई दिल्ली/कोलकाता :** भारत ने पहली बार एक वर्ष में दर्ज होने वाले पॉक्सो मामलों से अधिक मामलों का निपटारा कर लंबित मामलों के बोझ को कम करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहेवियर चेंज (सी-लैब) फॉर चिल्ड्रन की एक नई रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 में बच्चों के यौन शोषण से जुड़े 80,320 मामले दर्ज हुए, जबकि 87,754 मामलों का निपटारा किया गया। इससे देश की पॉक्सो मामलों की निपटान दर 109 प्रतिशत तक पहुंच गई है।

रिपोर्ट के मुताबिक, 24 राज्यों में पॉक्सो मामलों की निपटान दर 100 प्रतिशत से अधिक रही, जो न्यायिक व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव का संकेत है। वर्ष 2023 तक देश में 2,62,089 पॉक्सो मामले लंबित थे, लेकिन अब स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है।

हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सभी लंबित पॉक्सो मामलों को चार वर्षों के भीतर खत्म करने के लिए देश को करीब 600 अतिरिक्त ई-पॉक्सो अदालतों की जरूरत होगी। इसके लिए लगभग 1,977 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान की सिफारिश की गई है, जिसमें निर्भया फंड के उपयोग का सुझाव भी दिया गया है।

रिपोर्ट ने यह चिंता भी जताई है कि पांच साल से अधिक समय से लंबित मामलों में लगभग 75 प्रतिशत सिर्फ तीन राज्यों–उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल–में केंद्रित हैं। साथ ही, दोषसिद्धि दरों में राज्यों के बीच बड़ा अंतर बना हुआ है।

इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन के निदेशक (शोध) पुरुजीत प्रहराज ने कहा कि यह बदलाव सिर्फ आंकड़ों की उपलब्धि नहीं, बल्कि बाल पीड़ितों के लिए न्याय में भरोसे की वापसी है। रिपोर्ट 2 दिसंबर 2025 तक उपलब्ध एनजेडीजी, एन-सीआरबी और संसदीय आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित है।

### पार्षद सुमन सिंह को मातृशोक



**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम के वार्ड 6 की पार्षद सुमन सिंह की 90 वर्षीया माता रामरति सिंह का वृद्धजनित बीमारियों के चलते शनिवार को देहावसान हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है।जय सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उनकी अंत्येष्टि संस्कार काशीपुर स्थित रतन बाबू घाट पर सवेरे 10 बजे किया जाएगा।

बांग्लादेश की अशांति का असर?

## क्रिसमस से पहले कोलकाता में कड़ी सुरक्षा, पुलिस ने बढ़ाई निगरानी

**कोलकाता :** बांग्लादेश में हालिया अशांत हालात के मद्देनजर कोलकाता पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। शहर के सभी संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस समेत भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती के साथ निगरानी बढ़ाई गई है।

अलीपुर बॉडीगार्ड लाइन में कोलकाता पुलिस की वार्षिक खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मौजूद पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को क्रिसमस और उसके बाद नए साल का जश्न होने के कारण पार्क स्ट्रीट सहित शहर के प्रमुख मार्गों और इलाकों पर विशेष नजर रखी जा रही है। दिन के साथ-साथ रात की गश्त भी तेज कर दी गई है। पुलिस आयुक्त ने सॉल्टलेक में हाल में सामने आए 'मेस्सी कांड' का जिक्र करते हुए कहा कि ईडन गार्डन्स में होने वाले आगामी अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट मैच को लेकर भी सुरक्षा की अग्रिम तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सॉल्टलेक स्टेडियम में जिन सुरक्षा संबंधी खामियों पर ध्यान गया था, उन्हें ध्यान में रखते हुए इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है।

कोलकाता पुलिस का कहना है कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय बनाए रखा जा रहा है और शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क में 21वां वार्षिक खेल दिवस संपन्न




**कोलकाता, समाज्ञा :** दिल्ली पब्लिक स्कूल रूबी पार्क में शनिवार को 21वां वार्षिक खेल दिवस आयोजित किया गया। समारोह में कक्षा नर्सरी से कक्षा 6 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्या जयति चौधुरी ने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम का उद्घाटन किया और कहा कि खेल न केवल चरित्र निर्माण का महत्वपूर्ण साधन हैं, बल्कि यह विद्यार्थियों के संपूर्ण विकास में भी सहायक होते हैं। जूनियर कोरस द्वारा 'ऑल वी आर' गीत का मधुर प्रदर्शन किया गया। इसके बाद औपचारिक कार्यक्रम स्कूल ध्वज फहराने और मशाल प्रज्वलित करने के प्रतीकात्मक कार्य से शुरू हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध पूर्व भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी बाइचुंग भूटिया रहे, जिनकी उपस्थिति ने छात्रों में उत्साह और प्रेरणा का संचार किया। मुख्य अतिथि का स्वागत फुटबॉल आकृति के विशेष गुब्बारे उड़ाकर और विशेष रूप से डिजाइन किए गए स्वागत स्क्रॉल के साथ किया गया। पूर्व-प्राथमिक छात्रों ने ड्रिल प्रदर्शन, मजेदार दौड़ और योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया, जबकि संयुक्त राष्ट्र के 80वें वर्षगांठ के सम्मान में एक विशेष ड्रिल कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस बार खेल दिवस में इंटरैक्ट क्लब ने हरिनावी सृजन विद्यापीठ के 10 बच्चों को आमंत्रित किया, जिससे समावेशिता और समान अवसर को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम के अंत में पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का शुभ समापन हुआ, जिसने छात्रों में उत्साह और खेल भावना को बढ़ाया।

## बांकुड़ा में बंद घर से बुज़ुर्ग दंपति का शव बरामद

**बांकुड़ा :** जिले के इंदास थाना अंतर्गत कुशमुड़ी गांव में शनिवार को एक बंद घर से एक बुज़ुर्ग दंपति का शव बरामद किया गया। मृतकों की पहचान दीनबंधु कुंडू (86) और लक्ष्मी कुंडू (76) के रूप में की गई हैं। आत्महत्या या कोई और घटना? यह सवाल उठ रहा है। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बिष्णुपुर डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल भेज दिया हैं। पता चला है कि बुज़ुर्ग दंपति दीनबंधु प्राइमरी स्कूल के रिटायर्ड टीचर थे। घर में उनका बेटा असित कुंडू और बहू सुष्मिता रहते हैं। बताया जा रहा है कि दोनों पेशे से टीचर हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस दिन, सुबह में बुज़ुर्ग दंपति का घर अंदर से बंद देखा गया। काफी समय बीतने के बाद, घर के अंदर आवाज लगाई गई, लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं मिला और आखिरकार दरवाज़ा तोड़ा गया। अंदर घुसते ही परिवार के लोग घबरा गए। उन्होंने देखा कि घर के अंदर लक्ष्मी कुंडू की लाश पड़ी थी। उसी कमरे में दीनबंधु कुंडू की लाश छत से लटकी हुई देखी गई। घटना का पता चलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। इंदास थाने की पुलिस को सूचना दी गई। जांचकर्ता मौके पर गए, दोनों लाशों को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, परिवार में कुछ समय से झगड़ा चल रहा था। यह भी आरोप है कि बुज़ुर्ग दंपत्ति और उनके बेटे-बहू के बीच का झगड़ा थाने और पुलिस चौकी तक पहुंच गया था। बाद में, थाने में मामला सुलझा लिया गया। अब परिवार में कोई परेशानी नहीं है। तो घटना किस वजह से हुई? क्या दोनों बूढ़े दंपत्ति मानसिक रूप से परेशान थे? या कोई और वजह है? पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पूर्व रेलवे के आईजी-कम-पीसीएससी ने जामताड़ा में नए आरपीएफ पोस्ट और आधुनिक आरपीएफ बैरक का किया उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने तथा अग्रिम पंक्ति में तैनात बल के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए पूर्व रेलवे के आईजी-कम-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) अमिया नंदन सिन्हा ने शुक्रवार को जामताड़ा स्टेशन पर नए आरपीएफ पोस्ट और 30-बेड के आधुनिक आरपीएफ बैरक का उद्घाटन किया। नव निर्मित बैरक में आठ सुसज्जित कमरे हैं और इसे वाशिंग मशीन, इलेक्ट्रिक शू शाइनर, आरओ जल शुद्धिकरण प्रणाली सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस किया गया है, ताकि रेलवे सुरक्षा बल कर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधा मिल सके। साथ ही, नए आरपीएफ पोस्ट में पुरुष-महिला के लिए अलग लॉक-अप, जांच कक्ष, स्टोर रूम, निरीक्षक कक्ष और समर्पित सीसीटीवी मॉनिटरिंग रूम की व्यवस्था की गई है, जिससे निगरानी और प्रशासनिक दक्षता बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान श्री सिन्हा ने आगामी चुनावों को देखते हुए सतर्कता बढ़ाने और अनधिकृत चेन पुलिंग पर कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए। यह पहल यात्रियों की सुरक्षा और आरपीएफ कर्मियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

## वोटर कार्ड पर पिता की जगह ससुर का नाम, आउसग्राम में व्यक्ति ने की आत्महत्या

**पूर्व बर्दवान :** वोटर कार्ड पर पिता के नाम की जगह ससुर का नाम लिखा था और इसी डर से एक व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। यह सनसनीखेज घटना पूर्व बर्दवान जिले के आउसग्राम थाना अंतर्गत कल्याणपुर गांव में घटी। मृतक की पहचान भास्कर मुख-ोपाध्याय (54) के रूप में की गई है। परिवार का दावा है कि ड्राफ्ट लिस्ट में भी पिता का नाम गलत आया था।

इसके बाद, उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार, भास्कर मुखोपाध्याय का असली घर हुगली जिले के चंदननगर में था। वह अभी आउसग्राम में रहता था। भास्कर के बेटे उल्लास मुखर्जी ने बताया कि उनके पिता दादा का नाम गलत होने की वजह से परेशान थे। कई लोग कह रहे थे कि उन्हें दूसरे देश भेज दिया जाएगा। इससे वह और भी डर गए थे।

उल्लास ने बताया कि भास्कर के पिता का नाम पंचानन मुखर्जी है। लेकिन वोटर कार्ड में उस नाम की जगह सुबिमल मुखर्जी लिखा था। बार-बार कोशिश करने के बाद भी वह गलती ठीक नहीं करवा पाए। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी होने के बाद वह डर गए थे। इसके बाद, यह घटना हुई। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## आरपीएफ के आईजी ने आसनसोल मंडल में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आईजी-कम-प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (पीसीएससी) अमिया नंदन सिन्हा ने 19 दिसंबर को आसनसोल मंडल का दौरा कर रेलवे सुरक्षा बल की सुरक्षा तैयारियों और परिचालन प्रदर्शन की समीक्षा की। दौरे के दौरान उन्होंने आसनसोल में आरपीएफ अधिकारियों और कर्मियों के साथ सुरक्षा सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें मंडल के समग्र कार्य निष्पादन का आकलन किया गया। श्री सिन्हा ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम उपकरणों, तकनीकी समाधानों और डिजिटल पोर्टलों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से कार्यकुशलता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पेशेवर दृष्टिकोण, सतर्कता और तकनीक आधारित पुलिसिंग पर जोर देते हुए रेलवे और यात्रियों की सुरक्षा को और मजबूत करने की बात कही। आगामी चुनावों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने खुफिया संग्रह और निगरानी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। विशेष रूप से सीसीटीवी सिस्टम और अन्य तकनीकी संसाधनों के बेहतर उपयोग पर बल दिया गया। इस दौरे के क्रम में श्री सिन्हा ने जामताड़ा स्टेशन पर नव-निर्मित आरपीएफ बैरक और आरपीएफ पोस्ट का उद्घाटन भी किया। यह निरीक्षण पूर्व रेलवे आरपीएफ की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### 50 लाख भारतीय युवाओं को एआई और उभरती तकनीकों में प्रशिक्षित करेगा आईबीएम

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनी आईबीएम ने 2030 तक भारत में 50 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा और क्वांटम कंप्यूटिंग में स्किल करने की प्रतिबद्धता की घोषणा की है। यह पहल आईबीएम स्किल्स बिल्ड के माध्यम से संचालित की जाएगी, जिसका उद्देश्य भविष्य के लिए तैयार और समावेशी वर्कफोर्स तैयार करना है। कंपनी स्कूलों, विश्वविद्यालयों और स्किलिंग इकोसिस्टम के साथ मिलकर एआई शिक्षा का विस्तार करेगी। इस दौरान ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन जैसे संस्थानों के सहयोग से हैंड्स-ऑन लर्निंग, फैकल्टी ट्रेनिंग, करिकुलम इंटीग्रेशन, हैकाथॉन और इंटर्नशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। आईबीएम के चेयरमैन और सीईओ अरविंद कृष्णा ने कहा कि भारत के पास एआई और क्वांटम में वैश्विक नेतृत्व की क्षमता है। यह निवेश युवाओं को नव-ाचार और आर्थिक विकास में भागीदार बनाने की दिशा में अहम कदम है।

### पूर्व रेलवे आरपीएफ की बड़ी सफलता, मालदह मंडल से 790 जीवित कछुए बरामद



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आरपीएफ ने ऑपरेशन वाइलैप के तहत मालदह मंडल में वन्यजीव तस्करी की संगठित कोशिश को नाकाम कर बड़ी सफलता हासिल की। मालदह मंडल के सतर्क आरपीएफ कर्मियों ने 19 दिसंबर को बरहरवा और मालदह रेलवे स्टेशनों पर विशेष जांच की। इस कार्रवाई में चार वन्यजीव तस्करों (पुरुष और महिला) को गिरफ्तार किया गया और 24 बैगों में रखे 790 जीवित कछुए बरामद की गईं। बरहरवा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 15734 अप फरक्का एक्सप्रेस से तीन व्यक्तियों को 18 बैगों में रखे 662 कछुए के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं, मालदह रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या 13410 डाउन (इंटरसिटी एक्सप्रेस) से एक महिला को 6 बैगों में रखे 128 कछुए के साथ पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपी और बरामद वन्यजीव संबंधित वन विभागों, साहिबगंज और मालदह को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंपे गए। यह सफलता आरपीएफ की सतर्कता, पेशेवर क्षमता और यात्रियों तथा रेलवे संपत्ति की सुरक्षा में उनकी सक्रिय भूमिका को उजागर करती है।

## त्याग की संस्कृति है हमारी : आचार्य सुधांशु महाराज




**कोलकाता :** जीवन जो हमें मिला है, वह मूल्यवान तब होगा जब हम अपने को परमात्मा से जोड़ेंगे। प्रभु की अनुकूलता व कृपा बनी रहे हमारी परम्-परा बनी रहें, यही प्रार्थना करना चाहिए। जो हमें पूर्ण करने की शक्ति देते हैं, वे प्रभु हैं। हमारी संस्कृति में त्यौहारों की प्रमुखता है। हमारी संस्कृति त्याग की संस्कृति है। दुनिया को भारत ने खेती करना ही नहीं अपितु रहना भी सिखाया है। आश्चर्य है कि भारत सैकड़ों वर्षों तक गुलाम रहा। उन कारणों को खोजने की जरूरत है। पर जो हालत है वे चिन्तित करने वाला है। आज हम अपनी संस्कृति-संस्कार के प्रति उतने सजग नहीं है। हम आजादी का अमृतकाल मना चुके पर सोए क्यों है? देश के मंदिरों-आश्रमों को गुरुकुल खोलने की जरूरत हैं ताकि बच्चों में संस्कार दिया जा सके। अपना पूरा पैसा लगाकर बच्चों को पढ़ाते पर उसके संस्कार पर ध्यान नहीं देते। शिक्षा के साथ बच्चों को संस्कार नहीं देंगे तो वृद्धाश्रम खोलने की आवश्यकता पड़ जाएगी। जिसको पाला-पढ़ाया वही आज आपसे दूर हो गये। हलो-हाय की अराजक संस्कृति में हमारी संस्कृति बची रहें, इसके त्वरित कार्य करने की जरूरत हैं। दुनिया में मां-बाप से बढ़कर कोई रिस्ता नहीं, उन्हें सम्मान दें। बिखरा समाज-परिवार कभी बादशाह नहीं बन सकता। आपस में लड़कर आप दूसरों को बादशाह बना सकते हैं। मनमुटाव दूर करो, बादशाह बनो। ये बातें विश्व जागृति मिशन ट्रस्ट के तत्वावधान में दिव्य पाठशाला में बोलते हुए आचार्य सुधांशु महाराज ने साइंस सिटी सभागार में कही। इस अवसर पर राधेश्याम गोयनका, इंदु-सुशील गोयनका, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुभाष मुरारका, मनीष बजाज, सुनील अग्रवाल, रामकथावाचक पुरुषोत्तम तिवारी, आलोक बेरीरामका, देवेन्द्र सिंह सहित अन्यगणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गा व्यास ने किया। मौके पर धीरज अग्रवाल ने बताया कि दिव्य पाठशाला के अलावा रक्तदान शिविर व सामूहिक सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया।

### एआई+ की फ्लैगशिप लीग में एंट्री, नोवा फ्लिप के साथ नोवा सीरीज की शुरुआत

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रीमियम फ्लिप स्मार्टफोन सेगमेंट में एआई+ ने अपनी फ्लैगशिप नोवा सीरीज के पहले डिवाइस नोवा फ्लिप की घोषणा की है। 40 हजार रुपये से कम कीमत में पेश किया गया यह स्मार्टफोन क्यू1 2026 में लॉन्च होगा। कंपनी के अनुसार, नोवा फ्लिप का उद्देश्य एडवांस टेक्नोलॉजी को किफायती दामों पर उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। जुलाई 2025 में नोवा 5जी की सफलता के बाद एआई+ अब अपने फ्लैगशिप पोर्टफोलियो का विस्तार कर रही है। नोवा सीरीज में आगे नोवा प्रो, नोवा अल्ट्रा और फोल्ड वेरिएंट भी शामिल होंगे। नोवा फ्लिप, नेक्स्ट क्वांटम ओएस पर आधारित है, जो फोल्ड और ओपन मोड में स्मार्ट इंटरफेस अनुभव देता है और प्राइवेसी-फर्स्ट आर्किटेक्चर के साथ बिना ब्लोटवेयर काम करता है। एआई+ के सीईओ और नेक्स्ट क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के फाउंडर माधव शेठ ने कहा कि नोवा फ्लिप आधुनिक जरूरतों और कॉम्पैक्ट डिजाइन का संतुलन है।

### टाटा मोटर्स के ग्राम विकास कार्यक्रम से चंद्रकांत बने 'लखपति किसान'

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में कृषि आज भी जीवनयापन का प्रमुख साधन है। महाराष्ट्र के पालघर जिले के जव्हार क्षेत्र के आदिवासी किसान चंद्रकांत सोन्या आंधेर के लिए भी खेती लंबे समय तक संघर्ष का पर्याय रही। सीमित शिक्षा, वर्षा पर निर्भर दो एकड़ भूमि और पानी की कमी के कारण उनकी आय बेहद कम थी, जिससे उन्हें रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता था। इस स्थिति में टाटा मोटर्स के एकीकृत ग्राम विकास कार्यक्रम ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। कार्यक्रम के तहत फार्म पॉन्ड, ड्रिप सिंचाई, बायोगैस यूनिट, सोलर पैनल, एग्रो-फॉरेस्ट्री, मछली पालन और उच्च मूल्य वाली फसलों की नर्सरी जैसी गतिविधियों में सहायता दी गई। टाटा मोटर्स के सीएसआर प्रमुख विनोद कुलकर्णी ने कहा कि यह उदाहरण समुदाय-केंद्रित विकास की ताकत को दर्शाता है। आज चंद्रकांत 'लखपति किसान' बनकर क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए प्रेरणा हैं।

## महापुरुषों के बताए सत्मार्ग का अनुसरण करें : स्वामी विशोकानंद भारती



**कोलकाता :** ब्रह्मलीन स्वामी कृष्णानंद जी महाराज की स्मृति में सत्संग भवन में संत – महात्माओं के समागम में निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज ने अपने आशीर्वचन में कहा महापुरुषों के कृतित्व, व्यक्तित्व का स्मरण करना और उनके बताए सत्मार्ग का अनु-सरण करना ब्रह्मलीन कृष्णानंद महाराज के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। 4 वर्ण, 4 आश्रम, 4 पुरुषार्थ का विवेचन करते हुए कहा सत्संग, संकीर्तन मानव जीवन में परम लक्ष्य मोक्ष प्राप्ति का प्रवेश द्वार है। स्वामी विशोकानंद भारती महाराज के सन्यास जीवन में 50 वर्ष के उपलक्ष में सत्संग भवन के ट्रस्टी धर्मानुरागी, समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी – शकुन्तला तिवारी, आचार्य श्री श्रीकान्त शास्त्री, दीपक मिश्रा, मुकेश शर्मा, सत्यनारायण भट्टड़, प्रदीप आसोपा, स्वामी बंधुगौरव ब्रह्मचारी, स्वामी ब्रह्मविद्यानंद महाराज, स्वामी ब्रह्मस्वरूपानंद, स्वामी धर्मेशानंद, मोहनानंद भारती, भागवताचार्य आकाश शर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, समाजसेवी विनय दुबे, गीता पाठ के संयोजक कमल सिंह, संजय उपाध्याय, डॉ. अशोक पोद्दार, बुलाकी दास मीमानी, भोला प्रसाद सोनकर, शंकरलाल सोमानी, कमल सिंह एवम् श्रद्धालु भक्तों ने अभिनंदन किया एवम् उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु जीवन के लिये शुभकामना दी। अशोक शुक्ला, राजू शर्मा, कुलदीप दीक्षित, सुनील दीक्षित, अशोक तिवारी, अभय पाण्डेय एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। समाजसेवी पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी ने सभी अतिथियों, श्रद्धालु भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया।

केओड़ातला श्मशान में दाह को लेकर हिंसक झड़प,

## चेतला में मेयर के घर के सामने सड़क जाम

**कोलकाता :** शुक्रवार रात केओड़ातला श्मशान में दाह संस्कार को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प से इलाके में भारी तनाव फैल गया। इस घटना में दोनों पक्षों के कम से कम तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हालात इतने बिगड़ गए कि देर रात मेयर फिरहाद हाकिम के आवास के सामने चेतला रोड पर लगभग एक घंटे तक सड़क जाम रहा।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शुक्रवार रात दाह संस्कार के लिए श्मशान पहुंचे एक समूह की स्थानीय लोगों के एक हिस्से से कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद देखते ही देखते हिंसक संघर्ष में बदल गया और श्मशान यात्रियों पर हमला किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में हाथापाई शुरू हो गई, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थिति को काबू में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद हालात पर काबू पाया गया और चेतला रोड से अवरोध हटा दिया गया। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी गई है। यह पता लगाया जा रहा है कि संघर्ष में कौन-कौन शामिल थे और किस कारण से स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई। एहतियातन इलाके में पुलिस निगरानी बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की अप्रिय घटना न हो।

## सेवा का अनूठा उदाहरण श्री बड़ाबाजार लोहा पट्टी सेवा समिति द्वारा 1300 कंबलों का दान



**कोलकाता :** सामाजिक सेवा के कार्यों में निरंतर अपना अंशदान करती हुई लोहा व्यापारियों की सेवा भावी संस्था श्री बड़ाबाजार लोहापट्टी सेवा समिति ने बढ़ती हुई ठंढ़ के मद्देनजर शनिवार से कंबल वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। संस्था के सभापति दिनेश कुमार बिहानी ने बताया कि आयोजन के प्रथम चरण में 1300 के करीब जरुरतमंदों को निशुल्क कंबल प्रदान किए गये। बड़ाबाजार में नलिनी सेठ रोड स्थित संस्था के कार्यालय में आयोजित हुए इस कार्यक्रम के सम्मानित अतिथि खेमचंद सराफ (शाकम्भरी इंटप्राइजेज प्रा. लिमिटेड) व विनोद पोद्दार (प्रोग्रेसिव मेटल प्रा. लिमिटेड) ने आयोजन की सरहाना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम हम सभी को माननीय संवेदना के अंतर्गत हम सभी को अपना सामाजिक दायित्व निभाने के लिए प्रेरित करते है। उपस्थित पोस्ता थाना के प्रभारी जयंका बिकास मिद्या ने भी कार्यक्रम की सरहाना की। सचिव गो-विंद राधंड़ ने जानकारी देते हुए बताया कि अगले की कुछ दिनों में सिंगुर जामीर बेड़िया स्थित समिति के विश्रामगृह में इसी तरह से और भी लोगों को कैंप लगाकर कंबल वितरित किये जायेंगे। कोषाध्यक्ष विकास नेवटिया, उपाध्यक्ष मुरारी लाल डीडवानिया, दिनेश कुमार कालानी, संयुक्त सचिव विजय कुमार दारुका, राजीव कुमार सिंघी के साथ कैंप इंचार्ज संजय जैन, तरुण गोयल, सोमनाथ कुमार, सचिन बेरीवाल, रमेश कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। वरिष्ठ सदस्य सुनील कुमार खेमका, विमल टिबड़ेवाल, मुकेश जिंदल, संजय दारुका, सुशील अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, नथमल बिहानी, राजेश बिहानी, ललित गोयल, दाऊलाल मूंधड़ा, शिव कुमार बंसल, सुरेश झुनझुनवाला, अरुण मित्तल, बिमल छाजेड़ व अन्य आयोजन की व्यवस्था बनाये रखने में सक्रिय रहें।

# पीएम मोदी के वर्चुअल भाषण पर तृणमूल कांग्रेस का पलटवार, लगाए गंभीर आरोप

❑ **पार्टी का आरोप, मतुआ समुदाय की समस्याओं पर कोई बात नहीं की**

**कोलकाता, समाज्ञा :** खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टर लैंड न होने पर पीएम मोदी ने मोबाइल से रैली को संबोधित किया। ऐसे में पीएम मोदी के सभा में नहीं आ पाने के कारण राज्य की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के दौरे को 'फिजिकल और मोरल' दोनों तरह से पूरी तरह फेल करार दिया है। शनिवार को तृणमूल भवन में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य के दो मंत्रियों ब्रात्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य और तृणमूल सांसद ममता बाला ठाकुर ने प्रधानमंत्री मानवीयता पर सवाल खड़ा कर दिया। उनका दावा है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री ने अपनी मोबाइल मीटिंग के बाद भी मतुआ लोगों की नागरिकता के बारे में कोई भरोसा नहीं दिला सके, दूसरी तरफ, उन्होंने अपनी मीटिंग में आते समय एक हादसे में मारे गए भाजपा कार्यकर्ताओं के प्रति कोई संवेदना नहीं जताई। इस दौरान राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु ने कहा कि प्रधानमंत्री की मीटिंग में शामिल होने जाते समय एक एक्सीडेंट में तीन बीजेपी कर्मी की दुखद मौत हो गई। फिर भी, प्रधानमंत्री ने अपने लंबे ऑडियो मैसेज में उनके लिए शोक जताने के लिए एक शब्द भी नहीं कहा। मौत पर राजनीति करने वालों की असली इंसानियत आज सामने आ गई है। उन्होंने यह भी कहा कि भले ही भाजपा कर्मियों की मौत हो गई, लेकिन स्थानीय तृणमूल नेता मरने वालों के घर गई और परिवारों के साथ खड़ी रही, क्योंकि तृणमूल का मानना है कि मौत का कोई राजनीतिक रंग नहीं होता। ब्रात्य ने मजाक में कहा कि अगर वहां कोई गुजराती मर जाता या कोई एक्सीडेंट होता, तो वह या उनके होम मिनिस्टर शायद हॉस्पिटल भागते, लेकिन उन्हें एक बंगाली वर्कर की मौत की कोई परवाह नहीं है। बंगालियों के प्रति यह बेपरवाही साबित करती है कि वे बंगाल को कितना नजरअंदाज करते हैं।



वहीं, इस दौरान, तृणमूल सांसद और मतुआ महासंघ की संघमाता ममता बाला ठाकुर ने अपना गुस्सा ज़ाहिर किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे बंगाल का मतुआ समुदाय बेसब्री से इंतज़ार कर रहा था कि प्रधानमंत्री आज नागरिकता पर कोई खास मैसेज देंगे। लेकिन वह पूरी तरह चुप रहे। सीएए के नाम पर कैंप लगाकर फॉर्म भरवाकर पैसे वसूले गए, लेकिन आज तक किसी को नागरिकता नहीं मिली। उल्टा, एसआईआर या वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन के नाम पर चुन-चुनकर मतुआ और हिंदुओं के नाम काटे जा रहे हैं। ममता बाला ठाकुर ने डेटा का हवाला देते हुए दावा किया कि राज्य के मुस्लिम-बहुल इलाकों की तुलना में मतुआ-बहुल इलाकों में नाम कटने का रेट बहुत ज़्यादा है। ममता बाला ने आरोप लगाया कि भले ही भाजपा हिंदुओं की बात करती हो, लेकिन जमीनी तौर पर सबसे ज़्यादा नुकसान हिंदुओं का ही हो रहा है। आज प्रधानमंत्री ने न सिर्फ मतुआ लोगों को निराश किया है, बल्कि असल में उन्हें धोखा दिया है।

वहीं, राज्य मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री के हेलीकॉप्टर के मीटिंग की जगह पर न उतर पाने को 'विधि का विधान' करार है। उन्होंने कहा कि अगर किसी के सिर पर भगवान का आशीर्वाद न हो तो कितनी भी कोशिश कर ली जाए, मंज़िल तक नहीं पहुंचा जा सकता। चैतन्य महाप्रभु की मिट्टी ने उन्हें छूने नहीं दिया। यही कुदरत का फैसला है। चंद्रिमा भट्टाचार्य ने प्रधानमंत्री के बंगाली उच्चारण पर कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव नजदीक आते ही उन्हें बंगाल के आध्यात्मिक महापुरुष याद आने लगते हैं। उन्होंने केंद्र पर राज्य का 1.97 लाख करोड़ रुपये का बकाया न चुकाने का आरोप लगाया। वहीं, राज्यसभा सदस्य ममता बाला ठाकुर ने कहा कि मतुआ समुदाय को प्रधानमंत्री से नागरिकता पर स्पष्टता की उम्मीद थी, लेकिन उनके पुराने वादे अब तक अधूरे हैं। टीएमसी नेताओं ने पीएम की रैली में जाते समय ट्रेन से कटकर तीन भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई मौतों के लिए भी खराब भीड़ प्रबंधन को जिम्मेदार ठहराया।

## न्यूज ब्रीफ

### बंद घर में मिला वृद्ध व्यक्ति का सड़ा-गला शव

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के चटर्जीहाट थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक बंद घर से वृद्ध व्यक्ति का सड़ा-गला शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना काशीनाथ चटर्जी लेन की है। मृतक की पहचान जयंत चौधरी के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह बंद कमरे से तेज दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर घर में प्रवेश किया, जहां जयंत चौधरी का शव पड़ा मिला। शव काफी हद तक सड़ चुका था। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि मौत करीब 3-4 दिन पहले हुई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जयंत पिछले कई वर्षों से अकेले रह रहे थे। करीब 15 साल पहले तलाक के बाद उनकी पत्नी और बेटी कोलकाता के नेताजी नगर में अलग रहती हैं। वर्ष 2020 से वह इसी मकान में अकेले रह रहे थे और एक बीमा कंपनी में कार्यरत थे। बताया जा रहा है कि शव बरामद होने के बाद परिवार को सूचना दी गई, लेकिन कोई भी सदस्य शव लेने के लिए आगे नहीं आया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इस मामले की जांच जारी है।

### गोदरेज विक्रोली कुचिना ने एक नई, देसी धुन, 'जिंगल बेल्स अनरैप्ड' पेश की

**कोलकाता :** काफी लंबे समय तक क्रिसमस की हमारी कल्पना पश्चिमी फिल्मों, संगीत और पारंपरिक कैरोल्स से गढ़ी जाती रही है। लोकप्रिय संस्कृति के विस्तार के साथ-साथ यह धारणा भी फैलती और मजबूत होती गई। लोकप्रिय संस्कृति में क्रिसमस की छवि अक्सर बर्फ से ढकी सड़कों, भव्य सजावट, उपहारों से सजे क्रिसमस ट्री, स्वादिष्ट व्यंजनों से भरी मेज़ों और तस्वीरों-सी परिपूर्ण पारिवारिक बैठकों के रूप में सामने आती रही है। अभियान के बारे में बात करते हुए, सुजीत पाटिल, चीफ कम्युनिकेशन ऑफिसर, गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप ने कहा, 'खाने के शौकीनों के लिए हमारा खुद का मीडिया प्लेटफॉर्म, विक्रोली कुज़िना, आकर्षक कंटेंट बनाने और सकारात्मक संवाद को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक लंबा सफर तय कर चुका है।

### एक्सिस बैंक और गूगल पे ने लॉन्च किया 'फ्लेक्स'

**कोलकाता :** एक्सिस बैंक और गूगल ने मिलकर 'गूगल पे फ्लेक्स एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड' लॉन्च किया है। यह एक यूपीआई-आधारित को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड है, जिसे भारत की बदलती वित्तीय जरूरतों को सरल और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। रुपे नेटवर्क पर आधारित यह कार्ड क्रेडिट अनुभव को उतना ही सहज बनाने का लक्ष्य रखता है, जितना कि लोग रोज़ाना यूपीआई भुगतान करते हैं। इस अवसर पर एक्सिस बैंक की प्रेसिडेंट और हेड (कार्ड्स, पेमेंट्स और वेल्थ मैनेजमेंट) अर्निका दीक्षित ने कहा कि वे गूगल के साथ साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल भुगतान अनुभव को फिर से परिभाषित करने के लिए उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि यूपीआई की लोकप्रियता को देखते हुए, डिजिटल-फर्स्ट उपभोक्ताओं के लिए यह क्रेडिट समाधान तैयार किया गया है।

### रहड़ा में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

❑ **आरोपी को 14 दिनों की पुलिस हिरासत**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के रहड़ा थाना इलाके में नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया। बताया गया है कि पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस ने खड़दह के भाजपा नेता को गिरफ्तार किया। शनिवार को आरोपी को बैरकपुर उपजिला कोर्ट में पेश किया गया, तो जज ने 14 दिन की जेल कस्टडी का आदेश दिया। इस मामले ने जिले के राजनीतिक गलियारों में हलचल मचा दी है। स्थानीय और पुलिस सूत्रों के अनुसार, मोड़लपाड़ा के पियारा बागान की निवासी नौवीं कक्षा की छात्रा गत शुक्रवार की रात अपने एक दोस्त के घर से लौट रही थी। आरोप है कि तभी, इलाके में भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर मशहूर जय ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ छेड़छाड़ की। जब उसने विरोध किया, तो उस पर हमला कर दिया गया। उस समय उसकी चीखें सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने ही आरोपी को पकड़ा। जब पीड़िता के परिवार को मामले की जानकारी मिली, तो माता-पिता मौके पर आए। इसके बाद, आरोपी को रहड़ा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया।

## कलह के बाद बना सहमति का रास्ता, बनगांव नगर पालिका को मिला नया चेयरमैन और वाइस चेयरमैन

**कोलकाता :** लंबे समय से चल रहे राजनीतिक टकराव के बाद बनगांव नगर पालिका को आखिरकार नया चेयरमैन और वाइस चेयरमैन मिल गया। शनिवार को 20 पार्षदों की मौजूदगी में दिलीप मजूमदार को नगर पालिका का नया चेयरमैन चुना गया, जबकि ज्योत्स्ना आढ्य को वाइस चेयरमैन बनाया गया।

नव-निर्वाचित वाइस चेयरमैन ज्योत्स्ना आढ्य ने कहा कि बनगांव के नागरिकों को बेहतर सेवाएं देना और शहर का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर 17 और 18 नंबर वार्ड की पार्षद ऋतुपर्णा आढ्य और चिरंजीत विश्वास ने तृणमूल कांग्रेस में औपचारिक रूप से शामिल होकर शासक दल की ताकत और बढ़ा दी।

गौरतलब है कि तृणमूल कांग्रेस के नौ पार्षदों ने पूर्व नगराध्यक्ष गोपाल सेठ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था। मतदान के दिन सुबह गोपाल सेठ ने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद शनिवार को नए चेयरमैन और वाइस चेयरमैन का चुनाव किया गया। नगर पालिका के कार्यकारी अधिकारी ने पुष्टि की कि 20 पार्षदों की उपस्थिति में यह चुनाव संपन्न हुआ।

तृणमूल नेतृत्व ने पहले ही बनगांव नगर पालिका में चेयरमैन बदलने का निर्णय लिया था और गोपाल सेठ को इस्तीफा देने का निर्देश दिया गया था। हालांकि उन्होंने लंबे समय तक पार्टी निर्देशों का पालन नहीं किया और वाइस चेयरमैन ज्योत्स्ना आढ्य को पद से हटाने का फैसला भी लिया था। इसके बाद पार्टी की ओर से उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और सात दिन के भीतर इस्तीफा देने को कहा गया। अंततः अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के बाद शनिवार को नए नेतृत्व का चयन किया गया।

## कम दृष्यता के चलते ताहेरपुर में नहीं उतर पाया पीएम का हेलीकॉप्टर

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हेलीकॉप्टर घने कोहरे के कारण कम दृश्यता के चलते शनिवार को नदिया जिला के ताहेरपुर हेलीपैड पर नहीं उतर पाया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री का हेलीकॉप्टर हेलीपैड के ऊपर कुछ समय तक घूमा और फिर कोलकाता हवाई अड्डे लौट आया। अंतिम खबर मिलने तक प्रधानमंत्री हवाई अड्डे पर मौसम की स्थिति पर आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे थे। अधिकारी ने कहा कि यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो सका कि मोदी सड़क मार्ग से ताहिरपुर में स्थित रैली स्थल तक पहुंचेंगे या फिर मौसम साफ होने का इंतजार कर हेलीकॉप्टर से रवाना होने का एक और प्रयास करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10:40 बजे कोलकाता पहुंचे और फिर हेलीकॉप्टर से नदिया जिले के ताहेरपुर के लिए रवाना हुए।

### पीएम मोदी की जगह राज्यपाल ने किया नेशनल हाईवे की परियोजना का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने शनिवार को राज्य में 3,200 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में आर्थिक गतिविधियों को गति देना और पर्यटन को बढ़ावा देना है। राज्यपाल ने नदिया जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 34 के बराजागुली से कृष्णनगर तक 66.7 किलोमीटर लंबे फोर लेन हिस्से का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उत्तर 24 परगना जिले में बारासात से बराजागुली तक राष्ट्रीय राजमार्ग के फोर लेन विस्तार की आधारशिला भी रखी।



नदिया के ताहेरपुर में आयोजित पीएम मोदी के जनसभा में उमड़ी समर्थकों की भारी भीड़

## अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर दर्ज, भाजपा नेता पर लगा भड़काऊ पोस्ट करने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिला के नरेंद्रपुर थाने में भाजपा नेता और पार्टी की आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। तृणमूल कांग्रेस नेता तन्मय घोष की शिकायत पर पुलिस ने ये कार्रवाई की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अमित मालवीय ने गत 19 दिसंबर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भड़काऊ पोस्ट किया और जिससे सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का खतरा पैदा हुआ है। टीएमसी के राज्य महासचिव और प्रवक्ता तन्मय घोष ने कहा कि इस पोस्ट से न सिर्फ समाज में तनाव फैल सकता है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता के लिए भी गंभीर खतरा है। मालवीय की यह पोस्ट राज्य सरकार, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सीधा अपमान करती है। उनका कहना है कि इस तरह के बयानों से जनता को भड़काया जाता है और राजनीतिक माहौल खराब होता है। तन्मय घोष ने पुलिस से मांग की है कि अमित मालवीय के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं और अन्य लागू कानूनों के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और अब पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने पुष्टि की कि शिकायत नरेंद्रपुर पुलिस स्टेशन में प्राप्त हो गई है और उसे स्वीकार कर लिया गया है। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि अभी तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और मामला प्रारंभिक जांच के अधीन है। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत और संबंधित सोशल मीडिया पोस्ट की समीक्षा के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिस पोस्ट के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी, उसमें अमित मालवीय ने बांग्लादेश के ढाका में जारी तोड़फोड़ को 'चेतावनी' बताया था।

**NAME CHANGE**

I, Arun Kumar, on behalf of my Daughter Joti Kumari, R/o: Vill- Repura Rampurvishwanath, P.O.- Jaintpur, Dist- Muzaffarpur (Bihar)-843123 shall be known as Jyoti, sworn before 1st Class Judicial Magistrate, Sealdah Court vide affidavit (No:15582) Dated : 18.12.2025. Joti Kumari & Jyoti is the same & identical person.

**NAME CHANGE**

I, Arun Kumar, on behalf of my Daughter Reshmi Kumari, R/o: Vill- Repura Rampurvishwanath, P.O.- Jaintpur, Dist- Muzaffarpur (Bihar)-843123 shall be known as Rashmi, sworn before 1st Class Judicial Magistrate, Sealdah Court vide affidavit (No:15580) Dated : 18.12.2025. Reshmi Kumari & Rashmi is the same & identical person.

**NAME CHANGE**

I, Kumari Rani (DOB-10.01.1977), W/o- Arun Kumar, R/o:Vill-Repura Rampurvishwanath, P.O.- Jaintpur, Dist- Muzaffarpur (Bihar)- 843123 shall be known as Rani Devi (DOB-22.01.1979), sworn before 1st Class Judicial Magistrate, Sealdah Court vide affidavit (No:15582) Dated:18.12.2025. Kumari Rani (DOB-10.01.1977) & Rani Devi (DOB-22.01.1979) is the same & identical person.

**Name Change**

I, Sathi Das, wife of Ashish Kumar Sarkar, residing at 12/B, Dhirendranath Ghosh Road, Bhawanipur, S 24 Pargana-700025, do hereby solemnly affirm and declare that I am care giver guardian of my daughter Advaitashwara Sarkar and Ashish Kumar Sarkar and A K Sarkar is the same and one identical person, being her father as well as Dr. Sathi Das and Sathi Das is the same and one identical person, being her mother via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 15th December 2025.

**Name Change**

I, Sathi Das, wife of Ashish Kumar Sarkar, residing at 12/B, Dhirendranath Ghosh Road, Bhawanipur, S 24 Pargana-700025, do hereby solemnly affirm and declare that I am care giver guardian of my daughter Adishwara Sarkar and Ashish Kumar Sarkar and A K Sarkar is the same and one identical person, being her father as well as Dr. Sathi Das and Sathi Das is the same and one identical person, being her mother via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate at Alipore dated 15th December 2025.

**Nischinda Gram Panchayat**
Bally, Howrah

**E-TENDER INVITING NOTICE**

Electronic Tenders are hereby invited from the bonafied and resourceful bidders for development works vide **e-NIT No. -18, Sl. No. 1 to 4, Fund : APAS 25-26.** Published date: **19/12/2025.** Date of Closing : **14/01/2026.** Date of Opening: **16/01/2026.** Details are available in **https://wbtenders.gov.in** & **https://etender.wb.nic.in** and Office Notice Board.
Sd/-
Prodhan
Nischinda Gram Panchayat

Office of the Principal
**DEBRA THANA SAHID KSHUDIRAM SMRITI MAHAVIDYALAYA**
(Government Aided, Autonomous, NAAC Accredited "A" Grade College, affiliated to Vidyasagar University)
P.O.-Chakshyampur, Dist.- Paschim Medinipur. PIN-721124. W.B. INDIA

**NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. dtsksm/NIT75/25 dated: 19/12/2025**
**Tender ID -2025_DHE_977151_1**

E-Tenders are invited from eligible suppliers/agencies having successfully completed similar nature of works with adequate working experience and financial capabilities. Intending bidder may download the tender documents from the website https://wbtenders.gov.in.
Information about the work:

| | |
|---|---|
| Name of the work | DTP works, Printing and Binding of Book of Abstracts for 8th Regional Science and Technology Congress |
| Bid Submission Start Date | 19/12/2025 at 11AM |
| Bid Submission End Date | 14/01/2026 at 6 pm |

Sd/-(Dr. Rupa Dasgupta) Principal
Debra Thana Sahid Kshudiram Smriti Mahavidyalaya
Chakshyampur, Debra, PaschimMedinipur

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 64 ईटी/2025-26 दिनांक: 17.12.2025

| क्र. सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 05251248 | 4.5 केवी अंडरस्लग टाइप कान्स्टन्ट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमेंलजेन्सी बैट्री | 1959 सेट | 07.01.2026 |
| 02 | 11251212 | माउटिंग एआरआरजीटी ऑफ सलाईडिंग डोर आर. एच एंड एल. एच फॉर लागेज रूम | 73 नग | 08.01.2026 |

**शुद्धिपत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 58/ईटी/2025-26 दिनांक 20.11.2025 | टेंडर नं. 03251073 बी | निविदा खुलने की तिथि 16/12/2025 के स्थान पर तिथि 24/12/2025 पढ़े |
| 02 | 57/ईटी/2025-26 दिनांक 18.11.2025 | टेंडर नं. 03251275 | निविदा खुलने की तिथि 17/12/2025 के स्थान पर तिथि 24/12/2025 पढ़े |
| 03 | 62/ईटी/2025-26 दिनांक 04.12.2025 | टेंडर नं. 15255233 | निविदा खुलने की तिथि 24/12/2025 के स्थान पर तिथि 31/12/2025 पढ़े |

**Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in**
उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक,/फर.

**निविदा संख्या :-CAMC-CMT-25-26-161-2**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम & पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **CAMC-CMT-25-26-161-2** नियत तिथि:-**07.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम:** खुली निविदा के माध्यम से कार्य के दायरे के अनुसार एमसीएफ, रायबरेली में 01 वर्ष के लिए सीएमटी लैब के 29 लैब उपकरणों का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में : ₹ 31,61,987.00** (₹ इकतीस लाख इकसठ हजार नौ सौ सत्तासी रुपये मात्र), **धरोहर राशि: ₹ 63,200.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य - ₹ 3,000.00, कार्य समापन की अवधि -** एक वर्ष (12 माह), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय**-07.01.2026 को 15: 30 बजे।, विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **कार्य प्रबंधक/एम & पी**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी & ट्रेनिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं एमसीएफ-आरबीएल-ईएम-2025-40-04, दिनांकः 17.12.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है-**कार्य का नाम:** "कार्य के दायरे के अनुसार एमसीएफ/आरबीएल में तीन वर्षों के लिए पर्यावरण संबंधी सेवा के लिए एजेंसी और कंसल्टेंसी को हायर करना।" **कार्य की अनुमानित लागत (₹) :** ₹17,14,294.63, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** ₹ 2,000.00, **अमानत राशि -** ₹ 34,300.00, **मात्रा :** कार्य के दायरे के अनुसार, **कार्य समाप्ति की अवधि :** 03 वर्ष (36 माह), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय -** दिनांक 09.01.2026 को 15:30 बजे।, निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है ।
**उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/सेफ्टी & ट्रेनिंग**

**निविदा संख्या :- RE2- PIPE-BENDING-25-26-160**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम& पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या RE2- PIPE-BENDING-25-26-160 नियत तिथि:-**09.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है।
**कार्य का नाम :** खुली निविदा के माध्यम से कार्य के दायरे के अनुसार 01 सीएनसी पाइप बेंडिंग मशीन के लिए स्पेयर पार्ट्स सहित 2 वर्ष के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी)।, **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में ₹** 8,39,111.12 (₹ आठ लाख उनतालीस हजार एक सौ ग्यारह रुपये और बारह पैसे मात्र), **धरोहर राशि: ₹** 16,800.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य- ₹** 2,000.00, **कार्य समापन की अवधि** - दो वर्ष (24 माह), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय** - 09.01.2026 को 15:30 बजे।, विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है ।
**कार्य प्रबंधक/एम & पी**

**ई-निविदा सूचना सं:- इलेक्ट- पीएस - 20566-RT5** **दिनांक:-18.12.2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं।
**विवरण:- कार्य का नाम:** आधुनिक रेल डिब्बा करखाना लालगंज रायबरेली में सोहावल गेट पर 2x110 किलोवाट कंप्रेसर के प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था।, **कार्य स्थल:** आधुनिक रेल डिब्बा करखाना लालगंज रायबरेली।, **अनुमानित लागत: ₹** 13,20,590.11 (₹ तेरह लाख बीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये और ग्यारह पैसे मात्र।), **अग्रिम राशि: ₹** 26,400.00 (₹ छब्बीस हजार चार सौ मात्र।), **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 07.01.2026 at 15.00बजे।, **कार्य समाप्ति की अवधि:** 04 (चार माह), **अन्य शर्तें:** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
**उप मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खिलौना बंदूक दिखाकर मोबाइल-पैसे की लूट, सीसीटीवी फुटेज से दो नाबालिग गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के शिवपुर इलाके में खिलौना बंदूक दिखाकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन और नकद रुपये लूटने के मामले में पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर की गई जांच में सामने आया है कि वारदात में इस्तेमाल की गई बंदूक असली नहीं बल्कि खिलौना थी। पुलिस ने लूटा गया मोबाइल फोन और नकद राशि भी बरामद कर ली है। जानकारी के मुताबिक, शनिवार तड़के करीब चार बजे जी.टी रोड पर काजीपाड़ा के पास दूसरा हुगली पुल के नीचे यह लूट की वारदात हुई। डोमजूर के कुछ निवासी शिवपुर गंगा घाट पर पूजा से जुड़े काम के लिए आए थे और काम खत्म कर लौट रहे थे। इसी दौरान दोनों नाबालिगों ने उनका रास्ता रोककर बंदूक तानकर डराया और उनके पास मौजूद मोबाइल फोन व नकद रुपये छीन लिए, जिसके बाद वे मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने शिवपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने इलाके और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और सूत्रों से मिली जानकारी के बाद दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। जांच में पुष्टि हुई कि दोनों आरोपी नाबालिग हैं। उन्हें किशोर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि क्या दोनों किसी गिरोह से जुड़े हुए हैं।

## कल हुमायूं कबीर नई पार्टी की करेंगे घोषणा, तैयारियों में जुटे विधायक



**मुर्शिदाबाद :** टीएमसी से निष्कासित भरतपुर के विधायक हुमायूं कबीर 22 दिसंबर को होने वाली जनसभा की तैयारियों में जुट गए हैं। शनिवार को उन्होंने मुर्शिदाबाद में विभिन्न इलाकों का दौरा किया और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। साथ ही, जनसंपर्क अभियान भी किया है। इस दिन, विधायक हुमायूं ने बेलडांगा में कहा कि 22 दिसंबर की जनसभा अन्य सभी राजनीतिक पार्टियों की सभा से बढ़कर होगी। हुमायूं कबीर ने आगे कहा कि जनसभा 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे यहां होगी। हमें उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) और पुलिस से जनसभा करने की अनुमति मिल गई है। उसी दिन, पार्टी की घोषणा की जाएगी। हमारा मकसद 2026 का चुनाव लड़ना है। हुमायूं कबीर ने चेतावनी दी कि वह 22 दिसंबर को तृणमूल कांग्रेस की सभी गलत हरकतों का पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा सत्ताधारी पार्टी के लिए बस एक ही संदेश है, जिस तरह से उन्होंने एकतरफा तरीके से एक ही आदमी को तीन बार मुख्यमंत्री बनाया है, जो धोखा, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और नौकरियां बेचने में वे लगे हुए हैं - इन सबका जवाब 22 दिसंबर की जनसभा के मंच से तृणमूल कांग्रेस को दिया जाएगा। उन्होंने अल्पसंख्यक समुदाय से अपील करते हुए कहा कि मैं मुस्लिम समुदाय के लोगों से कहूंगा कि इस भावना को बनाए रखना चाहिए। मैं उनसे आने वाले विधानसभा चुनाव में मुझे 100 सीटें देने की अनुरोध करूंगा। फिर, बाबरी मस्जिद बनेगी, यूनिवर्सिटी और अस्पताल बनेंगे। उसके बाद, मुर्शिदाबाद के लोगों को इलाज के लिए चेन्नई, बेंगलुरु या हैदराबाद नहीं जाना पड़ेगा। बाबरी मस्जिद परिसर में एक बड़ा इस्लामिक अस्पताल बनाया जाएगा।

## कोलकाता मेट्रो में स्वदेशी तकनीक की बड़ी पहल, डीसी-डीसी चॉपर कन्वर्टर का सफल परीक्षण

**कोलकाता :** कोलकाता मेट्रो ने अपने 41 वर्षों के गौरवशाली इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय जोड़ते हुए डीसी-डीसी चॉपर कन्वर्टर परियोजना का सफल फील्ड परीक्षण किया है। यह परीक्षण शनिवार, 20 दिसंबर 2025 को नोआपाड़ा शेड में किया गया, जहां दो डीसी ट्रैक्शन मोटरों से युक्त एक बोगी पर इस नई तकनीक को परखा गया।

मेट्रो रेलवे अधिकारियों के अनुसार, फील्ड टेस्ट से पहले इस प्रणाली के डिजाइन को कंप्यूटर सिमुलेशन के माध्यम से सफलतापूर्वक सत्यापित किया गया था और बाद में प्रयोगशाला स्तर पर भी इसकी जांच की गई। आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसरों के मार्गदर्शन और मेट्रो रेलवे के रोलिंग स्टॉक अधिकारियों के सहयोग से डीसी से डीसी चॉपर कन्वर्टर की एक यूनिट विकसित की गई है।

इस परीक्षण का उद्घाटन मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक सुब्रांशु एस. मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों और आईआईटी खड़गपुर के प्रोफेसरों की उपस्थिति में किया। मेट्रो रेलवे ने ब्लू लाइन पर संचालित बीएचईएल प्रोपल्शन वाली 13 आईसीएफ रेकों की कार्यक्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से आईआईटी खड़गपुर के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।



परियोजना के लागू होने के बाद ये रेक ब्रेकिंग के दौरान बिजली उत्पन्न करने में सक्षम होंगी, जिससे ऊर्जा की खपत में उल्लेखनीय कमी आएगी। साथ ही रेक का वजन भी कम होगा और त्वरण व मंदन की प्रक्रिया अधिक सुगम व झटके रहित हो जाएगी।

महाप्रबंधक ने आईआईटी खड़गपुर की टीम-डॉ. सौविक चटर्जी और डॉ. गौतम पोद्दार-सहित मेट्रो अधिकारियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। यह 100 प्रतिशत स्वदेशी तकनीक है, जिसे पहली बार किसी भारतीय मेट्रो प्रणाली में उपयोग किया जाएगा।

## ट्रेन की चपेट में आए पीएम मोदी की सभा में जा रहे चार भाजपा समर्थक, एक घायल

❑ **पीएम मोदी ने जताया शोक**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया में पीएम नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा के समर्थक ट्रेन की चपेट में आ गए। इनमें चार की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह हादसा शनिवार की सुबह में हुआ। हादसा ताहेरपुर स्टेशन के पास हुआ। पता चला है कि सभी मृतक और घायल मुर्शिदाबाद के रहने वाले हैं। रेलवे सूत्रों के मुताबिक, हादसा ताहिरपुर और बड़कुल्ला के बीच हुआ। भाजपा समर्थक रेलवे ट्रैक से मीटिंग की जगह पर जा रहे थे। उसी समय यह हादसा हुआ। घायलों को शक्तिनगर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हादसे में रामप्रसाद घोष (74), मुक्तिपद सूत्रधार (55) और गोपीनाथ दास (35) की मौके पर ही मौत हो गई। तीनों बरयान थाना इलाके में रहते हैं। भैरव घोष (47) की गंभीर हालत में हॉस्पिटल ले जाने पर मौत हो गई। इस घटना में एक और व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसका इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ, वर्चुअली सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी कहा कि मुझे ये भी जानकारी मिली है कि रैली स्थल पर पहुंचते समय खराब मौसम की वजह से भाजपा परिवार के कुछ कार्यकर्ता रेल हादसा के शिकार हुए हैं। जिन बीजेपी कार्यकर्ताओं की दुखद मृत्यु हुई है, उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। जो लोग इस हादसे में घायल हुए हैं, मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। दुख की इस घड़ी में हम सभी पीड़ित परिवारों के साथ हैं।



डॉ। एस। के। सैनी

# बोरा गुफाएँ, अरकू घाटी, आंध्र प्रदेश

## हमारी अनजानी धरोहर 86

आंध्र प्रदेश में अनंत गिरी पहाड़ियों से निकली हुई गोष्ठानी नदी इस स्थल पर चूने की पहाड़ियों से कैल्शियम कार्बोनेट तीव्र गति से घोलती जाती है यह प्रक्रिया कई लाख वर्षों से चल रही थी।इस के घुलने के पश्चात इस स्थान में गहराई 100 मी हो गई। यह गुफा नुमा पाताल को जाने वाला स्थल पर्यटकों के लिए रहस्य रोमांच का केंद्र है।ऐसा लगता है कि बड़ा विशाल गर्त अंदर ही अंदर पाताल मे जा रहा है।

यह स्थल को वाले सा किरंदुल रेलवे लाइन में बोरा गुहलु रेलवे स्टेशन के काफी समीप है वहां से उतरकर इन गुफाओं में पैदल-पैदल ही जाया जा सकता है यहां पर ट्रेन 15 से 20 मिनट रूकती है और इसी बीच यात्रीगण जाकर के और गुफा का अवलोकन करके दौड़ते भागते वापस भी आ सकते हैं लेकिन किसी उत्सुक यात्री को गुफा में नीचे तक जाना है और नीचे शिवलिंग के दर्शन करने हैं तो उसको बेहद सावधानी से धीरे-धीरे अनगढ़ सीढ़ियों पर उतरना पड़ेगा और फिर लगभग 100 मीटर नीचे जाकर के वहां पर चूने के प्रस्तरों की विभिन्न आकृतियों का



दर्शन करते हुए धीरे-धीरे वापस चढ़ाना पड़ेगा जो की काफी श्रम साध्य कार्य है। यह गुफाएं पूर्णतया प्रकृति निर्मित हैं और हमारे देश मे लाखों वर्ष पहले बनी हुई प्राकृतिक धरोहर हैं। यह गुफाएं मुझे यूरोप में कोसों वह देश की गादीमे गुफाओं की याद दिलाती हैंबहुत कम लोग जानते हैं कि जब नदी किसी छूने की पहाड़ी की घाटी में प्रवेश करती है तो चूने की कटाई धीरे-धीरे होती जाती है और कठोर चट्टानें जस की तस्वीर जाती है लेकिन छूने के डिपॉजिट धीरे-धीरे घुलाते जाते हैं और बची रह जाती है पत्थर की चट्टानों की अनगढ़ आकृतियां।

बोरा गुफाएं लाखों वर्ष पहले बनी हुई हमारी ऐसी प्राकृतिक धरोहर है। यहां पर कुदरत के इस करिश्मा को देखकर के हम दंग रह जाते हैं

# सर्दियों में लाएं त्वचा पर निखार



**सोनी मल्होत्रा**

सर्दियां आते ही हमारी त्वचा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना प्रारंभ हो जाता है। प्रायः सर्दी के दिनों में हम त्वचा की देख रेख पर उतना ध्यान नहीं देते जितना देना चाहिए। इसीलिए त्वचा पर रूखापन व लकीरें उभरनी प्रारंभ हो जाती हैं। सर्दियों में चलने वाली ठंडी हवा से त्वचा रूखी होकर फट जाती है और त्वचा सौन्दर्यहीन नजर आने लगती है। यदि सर्दियों में निम्न बातों पर ध्यान दें तो सर्दियों में भी आपकी त्वचा का सौंदर्य कायम रहेगा।

● त्वचा की कोमलता व सुंदरता के लिए सबसे जरूरी है व्यायाम जिससे शरीर में रक्त संचार सही रूप हो सके और त्वचा में अंदरूनी निखार झलके।

● सर्दी के दिनों में खान-पान पर भी अधिक ध्यान दें। विटामिन ए, डी के स्रोतों जैसे हरी पत्तेदार सब्जियों, फलों, मेवा, पनीर, दूध आदि का सेवन अधिक करें। इससे त्वचा को पोषक तत्वों की प्राप्ति होगी और वह स्वस्थ नजर आएंगी।

● त्वचा की सुंदरता के लिए प्रतिदिन सोने से पहले हाथ-पैरों व चेहरें को गुनगुने पानी से साफ करें और फिर जैतून के तेल से मालिश करें। शरीर की त्वचा एकदम मुलायम व चमकदार बनेगी।

● यदि पैरों की एड़ियां फट रही हों तो पैरों की एड़ियों को झावे से रगड़ें ताकि मृत त्वचा हट जाए। फिर इन पर वैसलीन लगाएं।

● सर्दियों में जब भी बाहर घूम कर वापिस आएं तो हाथ पैरों को गुनगुने पानी से साफ कर लें। इससे उन पर लगी धूल, मिट्टी हट जाएगी और त्वचा का कड़ापन भी दूर होगा और त्वचा फटेगी भी नहीं।

● सर्दियों में प्रतिदिन दो तीन बार माश्चराइजर अवश्य लगाएं। इससे त्वचा की नमी बनी रहेगी।

● सर्दियों में त्वचा से रूखापन दूर करने के लिए साबुन की जगह उन पर निम्न उबटनों का प्रयोग करेंः-

● दो चम्मच गुलाब जल में एक चम्मच बादाम का तेल मिला कर चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 2-3 मिनट मालिश करें व 15-20 मिनट पश्चात् गुनगुने पानी से चेहरा धो लें।

● एक चम्मच मलाई, 1/2 चम्मच नींबू का रस, चुटकी भर हल्दी मिला कर चेहरे पर लगायें और हल्के हाथों से मलें। थोड़ी देर पश्चात् इसे धो लें। चेहरे पर नमी व निखार आएगा।

● संतरे के सूखे छिलके का पाउडर बना कर रख लें व सप्ताह में 2-3 बार दूध के साथ मिला कर इसे चेहरे पर लगाएं। यह रूखी त्वचा के लिए लाभदायक होगा।

● रात्रि में सोते समय होंठों पर शहद-नींबू या मलाई नींबू लगाएं। इससे होंठ फटेंगे नहीं।

● सर्दियों के दिनों में बालों में भी रूखापन व रूसी की समस्या शुरू हो जाती है। इसके लिए बालों को बहुत गर्म पानी से साफ न करें। गुनगुने पानी से ही नहाएं। सिर धोने से दो-तीन घंटे पूर्व सरसों या जैतून के तेल से बालों व खोपड़ी की अच्छी तरह से मालिश करें। फिर गर्म पानी से भीगे तौलिए को सिर पर 5-10 मिनट बांध लें। इससे तेल त्वचा में समा जाएगा व बालों में स्वाभाविक चमक बढ़ेगी व रूसी दूर होगी। (उर्वशी)

# मोबाइल फ्लर्टिंग-मौज-मस्ती का नया शगल



**उषा जैन 'शीरीं'**

प्रचलन बड़े शहरों में खासकर तेजी से बढ़ रहा है। घर परिवार से दूर नौकरी कर रहे नौकरी की तलाश में या होस्टल या फ्लैटों में रहकर पढ़ाई कर रहे युवक युवतियां अकेलेपन से जूझ रहे होते हैं। घर परिवार की याद उन्हें अक्सर डिप्रैस कर देती है। ऐसे में बिना किसी कमिटमेंट की यह दोस्ती उन्हें बहुत लुभावनी लगती है।

कुंआरे युवक युवतियां ही नहीं बल्कि विवाहित लोग खासकर पुरूष जिन्हें विवाहेत्तर संबंधों में किक्स मिलती हैं, वे भी इसके एडिक्ट बनते नजर आ रहे हैं।

इंटरनेट पर चैटिंग से ज्यादा व्यापक है मोबाइल फ्लर्टिंग का मार्केट क्योंकि आज गांव, कस्बों, लोअर क्लास तक मोबाइल पहुंच गया है।

एक बीपीओ में प्रोजेक्ट मैनेजर रश्मि अनेजा कहती हैं, मोबाइल फ्लर्टिंग ने मेरे सूने जीवन को सरस बना दिया है। मेरे गहरे रंग के कारण वैसे तो मुझे कोई लड़का पसंद करने से रहा। अब इस फ्लर्टिंग में सामनेवाले का भ्रम बना रहेगा और मुझे 'एडोज ऑफ लव एंड ए बंच ऑफ फन' मिलता रहेगा।

एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के ओनर साहिल सूरी के अनुसार जब लड़कियां जो बहुत जल्दी किसी पर विश्वास कर के अपनी निजी बातें बताने लगती हैं, पटावे में आकर वो बातें बताती हैं तो बड़ा मजा आता है। फिर उन बातों पर हम सारे दोस्त खूब हंस लेते हैं।

यही कारण है कि यहां फ्लर्टिंग से उपजे ये रिश्ते तेजी से विकसित होते हैं, ग्रो करते हैं उसी तरह तेजी से वे टूट भी जाते हैं। फिर भी इनके महत्व को नकारा नहीं जा सकता। भारतीय समाज एक वर्जनाओं से घिरा समाज है। सैक्स यहां पर टैबू सबजेक्ट है जबकि यह जीवन का बेस है और फ्रॉयड के अनुसार इसी के इर्द गिर्द सारा जीवन चलता है।

स्वाभाविक है कि सैक्स को लेकर किशोरावस्था से ही व्यक्ति में घोर उत्सुकता होती है। उत्सुकता का समाधान न होने पर वह यौन कुंठाओं से पीड़ित रहने लगता है। डेटिंग फ्लर्टिंग रेडिमेड फ्रेंडशिप सेवाएं यौन कुंठाओं को शांत करने का कार्य भी करती हैं और युवा पीढ़ी को कुछ हद तक हिल्ले से लगाए रहती हैं हालांकि यह बात अधूरा सच ही है क्योंकि सैक्सुएल क्राइम का ग्राफ आज जिस तेजी से बढ़ा है। उसे रोकने के लिए कुछ कदम तो उठाने ही होंगे। नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना करनी होगी कुछ ठोस प्रोग्राम बनाने होंगे। सावधानियां बरतने का आह्वान करना होगा वर्ना पश्चिम ने इधर रूख किया है। हम किधर रूख करेंगे? (उर्वशी)

# आंखों की खूबसूरती बढ़ाती हैं पलकें



**शैली माथुर**

चेहरे की सुन्दरता में चार चांद लगाती हैं आंखें और आंखों की सुन्दरता बढ़ाती हैं पलकें। यदि पलकें घनी, लंबी न हो तो बड़ी बड़ी आंखें भी आकर्षण का केंद्र नहीं बन पातीं। पलकों को घना व आकर्षण बना कर यदि आप भी सभी के आकर्षण का केन्द्र बनना चाहती हैं तो जानिये कुछ महत्वपूर्ण बातें और सुझावः-

❋ पलकें केवल हमारी आंखों की सुन्दरता ही नहीं बढ़ाती बल्कि धूल-मिट्टी से भी हमारी आंखों की रक्षा करती हैं। अतः इनकी देखभाल के लिए रात को सोने से पहले बादाम के तेल से हल्के हाथों से आईलैशेज की मसाज करें।

❋ सिर के बालों की डैंड्रफ भी पलकों को नुकसान पहुंचाती है। इससे पलकों के बाल झड़ने लगते हैं। इसलिए पलकों को स्वस्थ रखने के लिए सर्वप्रथम बालों को डैंड्रफ फ्री करें।

❋ आई लैशेज को घना और कर्ली लुक देने के लिए पलकों पर मस्कारा जड़ों से सिरे की ओर लगाएं। ध्यान रखें कि पहला कोट सूखने पर ही दूसरा कोट लगाएं।

❋ पलकों को कर्ल करने के लिए रंग का इस्तेमाल करें। इसके लिए पहले मस्कारे को मेकअप रिमूवर से साफ करें, फिर रंग लगाएं अन्यथा पलकें टूटने का भय रहता है।

❋ यदि पलकें छोटी हैं तो आई लैशज के पास पलकों पर आईलाइनर मोटा लगाएं और अगर पलकें छोटी व घनी हैं तो लांग मस्कारा लगाएं। आंखें बड़ी लगेगी।

❋ आर्टिफिशियल आइलैशेज लगा कर भी आप अपनी आंखों को बड़ा लुक दे सकती हैं परंतु ध्यान रहे कि रात को सोने से पहले इन्हें हटाना न भूलें। (उर्वशी)

# परीक्षाएं - पूरी मेहनत से जुट जाएं

**नरेन्द्र देवांगन**

परीक्षा जैसे-जैसे पास आती है लगने लगता है जैसे कि कम समय में बहुत कुछ पढ़ना है। रिवीजन करना हो या फिर किसी विषय पर अतिरिक्त ध्यान देना हो, अगर ऐसे में एक सही टाइम टेबल हो तो आप बिना चिंता के परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं और थोड़ा सा समय अपने लिए भी निकाल सकते हैं। आइये, जानें कैसेः-

◆ दिसंबर-जनवरी वह समय होता है जब आप लगभग पूरा कोर्स खत्म कर चुके होते हैं। यही वो समय है भी जब आप पिछली गलतियों की भी भरपाई कर सकते हैं, यानी अगर अब तक आपने पढ़ाई को गंभीरता से नहीं लिया है तो भी आपके पास समय है कि आप अच्छे अंक लाने लायक तैयारी कर सकें। इसलिए अब अपना लक्ष्य तय करें और पूरी मेहनत से जुट जाएं।

◆ सारे विषयों के लिए कठिन और आसान होने के हिसाब से समय निर्धारित करें और रोज हर विषय आपके टाइम टेबल में आ सके, ऐसी कोशिश करें।

◆ आप यह भी कर सकते है कि मुख्य विषय को रोज पढ़ें और भाषा तथा कंप्यूटर को हफ्ते में दो दिन।

◆ अपने टाइम टेबल में रोज कम से कम एक घंटा फ्री समय यानी खेलने या मनोरंजन के लिए भी रखें। यह आपको फिट रखेगा, एनर्जी देगा और आपके दिमाग को तरोताजा भी बनाए रखेगा।

◆ अपने विषय को स्कूल से बचे समय में इस तरह बांटें कि सबसे कठिन विषय के लिए आपके पास अतिरिक्त समय रहे। वहीं सबसे आसान या पसंदीदा विषय के लिए भी



अलग से समय निकालें क्योंकि इसमें आप अच्छा स्कोर कर सकते है।

◆ संडे या छुट्टी के दिन को बोनस प्वाइंट्स की तरह मानें। इस दिन आपकी कुछ समय अतिरिक्त मिल सकता है। हां, इस दिन आप फ्री टाइम को बढ़ा कर डेढ़ घंटा कर सकते है।

◆ यह समय चुने हुए को पढ़ने का है, यानी अब आपके पास वह समय नहीं कि आप हर विषय को पांच अलग-अलग किताबों से पढ़ पाएं। यह सुविधा तो केवल साल के शुरू में पढ़ाई करने वालों को होती है। यह भी एक फायदा है लेकिन अगर आप इसका फायदा नहीं ले पाए है तो अब सोच-समझ करें, शिक्षकों और बड़ों से पूछ कर अच्छे नोट्स से पढ़ाई शुरू करें। कोशिश करें कि अभ्यास पुस्तिका को पढ़ें ताकि आप को चीजें ठीक से समझ आएं।

◆ अपनी डाइट को भी टुकड़ों में बांट लें और पढ़ते समय भूख लगने पर फलों का उपयोग करें। इससे आप पढ़ते समय भूख भी मिटा सकेंगे और पोषण भी पा सकेंगे। (उर्वशी)

# न रोकें बेटियों को खेलकूद करने से

**पूर्णिमा मित्रा**

आज भी हमारे देश में ज्यादातर मांएं अपनी किशोरी या युवा बेटी का खुलकर खेलकूद या व्यायाम करना गलत समझती हैं।

'ससुराल जाने पर यह खेलकूद काम नहीं आयेगा। इस तरह सरेआम उछलकूद करके खानदान की नाक कटवाने की कोई जरूरत नहीं है' जैसे वाक्यबाणों से त्रास्त होकर ज्यादातर लड़कियां आउटडोर गेम्स में भाग लेना छोड़ देती हैं। पारिवारिक पाबंदियों के अलावा महिला प्रशिक्षकों की कमी और सुरक्षित वातावरण का अभाव भी लड़कियों का सार्वजनिक रूप से व्यायाम, सैर, खेलकूद में भाग लेना, संकीर्ण मनोवृत्ति के स्त्री पुरूषों की तानाकशी का माध्यम बन जाता है।

लड़कियों को घूमते या खेलकूद करते देख आवारा शोहदे लड़के फब्तियां कसने से बाज नहीं आते।

इन सब कारणों की वजह से आम तौर पर लड़कियां मन मारकर घर में बैठकर टी. वी. देखने, गप्पें मारने, गॉसिप मैगजीन्स पढ़ने को बाध्य होती हैं।

इससे धीरे-धीरे उनके शारीरिक व मानसिक विकास में नकारात्मक प्रभाव दृष्टिगोचर होने लगते हैं। सिर्फ टी. वी. देखने और गप्पें हांकने के दौरान तली भुनी चटपटी चीजें या पॉपकार्न वगैरह खाने से ऐसी लड़कियां मोटापे व आलस्य का शिकार बन जाती हैं। इनका शरीर बेडौल होने लगता है।



शारीरिक परिश्रम के अभाव में मांसपेशियों का लचीलापन खत्म होने लगता है, पाचनक्रिया मंद पड़ जाती है और शरीर के मेटाबालिज्म की दर में कमी आने लगती है जिसकी वजह से ऐसी लड़कियों में मुंहासे, मंदाग्नि, कब्ज, चिड़चिड़ापन, मासिक धर्म के समय पेट में ऐंठन व असहनीय दर्द, कमरदर्द आदि की शिकायत बनी रहती है।

इसके अलावा इनमें डरने, आशंकित रहने व अति भावुकता की प्रवृत्ति भी ज्यादा देखने को मिलती है जबकि खेलकूद, व्यायाम या नियमित टहलने वाली लड़कियों में शारीरिक स्फूर्ति व सबल मानसिकता तारीफ के काबिल होती है। इनका मेटाबालिज्म रेट भी सही रहता है। रक्तपरिसंचरण तंत्रा व श्वसनतंत्रा भी सुचारू रूप से काम करता है जिसकी वजह से इनकी मानसिक व शारीरिक विकास की दर, आयु के अनुकूल होती है।

नियमित खेलकूद या किसी भी किस्म के व्यायाम में भाग लेने से मांसपेशियां भी लचीली बनी रहती हैं और शरीर में रोग प्रतिरोधक शक्ति का भी विकास होता है। ऐसी लड़कियों में, मासिकपूर्व तनाव, घबराहट, मोटापा, थकान, खांसी जुकाम, सिरदर्द, कमर दर्द आदि भी कम पाए जाते हैं।

इसीलिए लड़कियों को व्यायाम व खेलकूद करने से रोकने की बजाय उन्हें उनमें भाग लेने हेतु अभिभावकों व शिक्षकों को प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके अलावा समाजसेवी संगठन, नगर निगम और ग्राम पंचायत के अधिकारियों, रिश्तेदारों, स्कूल कॉलेज की प्रशासनिक कमेटी के सदस्यों को लड़कियों के लिए सुरक्षित खेल के मैदानों की व्यवस्था करवानी चाहिए ताकि लड़कियों के माता पिता भय मुक्त होकर अपनी लड़कियों को वहां खेलने कूदने की अनुमति दे सकें।

इस तरह एक तरफ जहां शारीरिक रूप से सबल महिला समाज बनेगा, वहीं उनमें छुपी प्रतिभाओं को भी अपना खेल के प्रति रूझान जाहिर करने का मंच मिलेगा। बहुत सी युवतियां विश्वस्तर व राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी बनकर अपना व अपने परिवार का नाम रोशन कर सकेंगी। (उर्वशी)

# ब्वाय फ्रेंड बेटी का

**सेतु जैन**

समाज चाहे कितना भी आधुनिक हो गया हो, कितना भी आगे क्यों न बढ़ गया हो मगर यह एक विकट सच्चाई है कि आज भी समाज में स्त्री और पुरूष की मित्रता को ओछी नजरों से देखा जाता है। हमारा समाज आज भी यह मानने को तैयार नहीं कि एक नर और नारी के बीच सैक्स के अलावा और कोई संबंध हो सकता है।

मगर आज की युवा पीढ़ी जो स्वतंत्रता की हिमायती है, समाज के दांव पेंचों से कोई मतलब नहीं रखती। उनका तो जो दिल करता है वही करती है, फिर चाहे माता पिता को जिल्लत या रूसवाई ही क्यों न उठानी पड़े?

ऐसे में किया क्या जाए? जाहिर है नया जमाना है। हर दोस्ती का मतलब इश्क और हर इश्क का मतलब शादी नहीं होता और ऐसे में बेटी को ब्वाय फ्रेंडस बनाने से रोकना भी उचित नहीं होगा? तो फिर ऐसा कौन सा कदम है जिसके चलने से माता पिता के हाथ सामाजिक तिरस्कार न आए और बेटी की दोस्ती भी सलामत रहे।

सर्वप्रथम तो बेटी को समझाएं कि आपको उसकी दोस्ती से कोई एतराज नहीं है। केवल उसके सार्वजनिक प्रदर्शन से आपको ठेस पहुंचती है, अतएव वह ब्वाय फ्रेंड को समझाए कि वह घर आकर जोरों से हार्न बजाने, गेट से आवाज देकर बुलाने, घर के बाहर खड़ा रहने, घर के चक्कर लगाने या कोई ऐसी हरकत जिससे सारे मोहल्ले वालों को दोस्ती का पता चल जाए, न करें। बेटी की सहेलियों की तरह घंटी बजाकर घर में दाखिल हो और आराम से सोफे पर बैठ कर बातें करें।



बेटी को यह जताने से न चूकें कि आपको बेटी के ब्वाय फ्रेंड होने से कोई एतराज नहीं है और आप इस बात को लेकर इतनी ही सहज हैं जितना कि उसकी सहेलियों को लेकर रहती हैं। बेटी पर विश्वास करें मगर उसे एकदम खुली छूट न दें। बेटी का ब्वाय फ्रेंड घर आए तो ड्राइंग रूम तक सीमित रहे न कि सीधे उसके बेडरूम तक पहुंच जाए।

बेटी को घूमने फिरने, आने जाने की छूट दें पर इसका मतलब यह नहीं कि आए दिन ब्वाय फ्रेंड ही उसे लेने छोड़ने हेतु ड्राइवर का काम करे। बेटी को सीधा न समझा कर इस प्रकार समझाएं कि तुम स्वयं आत्मनिर्भर हो, तुम बस से स्वयं आ जा सकती हो, इसलिए किसी से अनावश्यक लिफ्ट न लिया करो। तुम्हारा दोस्त भी इस तरह आए दिन लिफ्ट लेने को तुम्हारा स्वार्थीपन समझ सकता है।

बेटी को छूट दें पर इतनी भी न दें कि बाद में वह अपने ब्वायफ्रेंड को लाइफ पार्टनर बनाने हेतु अड़ जाए। अगर लड़का उपयुक्त है तो कोई समस्या नहीं मगर यदि वह मौजमस्ती पसंद, आधुनिक, गैर जिम्मेदार युवा है तो मुसीबत हो जाएगी, इसलिए बात बिगड़ने से पहले ही सतर्क बने रहने में कोई बुराई नहीं।

फ्रेण्डशिप का यह मतलब कतई नहीं है कि बेटी किसी ऐरे गैरे नत्थू खैरे को लेकर आ जाए और बोले- मीट माई ब्वाय फ्रेंड माम और आप हंसकर अभिवादन करने लगें। याद रखें बेटी का सर्कल यानी वह किनके साथ उठती बैठती है, इस बात की जानकारी रखना आपका हक है और उसे गलत संगत से बचाना आपका कर्तव्य भी, इसलिए बेटी को गलत संगत में देखें तो बेझिझक उसे टोकें और इस दोस्ती को खत्म करने हेतु कहें अन्यथा बाद में दोस्ती आपके गले का फंदा बन जायेगी और आपसे न निगलते बनेगा न उगलते।

बेटी के इस दोस्ताना रिश्ते पर शक न करें लेकिन आंख मूंद कर अंधविश्वास भी न करें। समय समय पर रिश्ते को चेक करते रहें। अक्सर दोस्ती से शुरू हुए रिश्ते ही आत्मीय संबंधों का रूप ले लेते हैं, इसलिए एक बार लड़का देखा, ठीक लगा और दोनों को उनके हाल पर छोड़ दिया, यह ठीक नहीं। बीच बीच में संबंधों की टोह लेते रहें।

यदि किसी मौके विशेष पर ब्वाय फ्रेंड बेटी को गिफ्ट देता है तो कोई बात नहीं मगर मौके बेमौके उसे इस तरह के उपहार लेने न दें। उपहार यदि बेहद महंगा हो तो समझिए कि खतरे की घंटी बजने ही वाली है। बेटी को साफ कह दें कि उपहार वह आपकी हैसियत देख कर ले, देने वाले की हैसियत के मुताबिक नहीं क्योंकि अक्सर महंगे उपहारों का यह रिश्वत रूपी अहसान बेटी को अंधकार में इज्जत देकर चुकाना पड़ता है।

इन बातों का ध्यान रखेंगी तो बेटी का ब्वाय फ्रेंड आपकी इज्जत का बैण्ड बजाने में कामयाब नहीं हो पाएगा और आप निश्चित होकर अपनी युवा बेटी के भविष्य के सपनों में खो जाएंगी। (उर्वशी)

## रेसिपी कार्नर

# मटर बर्फी




सर्दी का मौसम आते ही रसोई में घी की खुशबू, धीमी आंच और मिठास की परंपरा लौट आती है। बरसों सर्दियों में मिठास घोलने का काम पारंपरिक गाजर का हलवा करता आ रहा है। इस मौसम में गाजर की बहार आ जाती है। अधिकतर भारतीय घरों में ठंड के मौसम में गाजर का हलवा बनता है लेकिन अगर हर साल उसी पारंपरिक गाजर के हलवे के स्वाद से ऊब चुके हैं तो इस बार सर्दियों की दूसरी लोकप्रिय सब्जी से मिठाई बनाएं। सर्दियों में गाजर के अलावा हरे मटर भी खूब देखने को मिलते हैं। हरे मटर से बनी शाही मटर बर्फी देसी, स्वादिष्ट और सेहतमंद मिठाई हो सकती है।

मटर, जिसे हम सब्ज़ी या परांठे तक सीमित रखते हैं, वही मटर जब खोया, दूध और घी के साथ मिलती है तो एक ऐसी बर्फी बनती है जो रंग में पिस्ता सी, स्वाद में शाही और बनावट में बिल्कुल बाजार जैसी लगती है। आइए जानते हैं मटर की बर्फी बनाने की विधि।



### मटर बर्फी बनाने के लिए सामग्री

छिले हुए हरे मटर- दो कप
फुल क्रीम दूध- आधा कप
खोया (मावा)- एक कप
चीनी- 3/4 कप स्वादानुसार
देसी घी- 4 बड़ा चम्मच
इलायची पाउडर- आधा चम्मच
पिस्ता/काजू कटे हुए- गार्निश के लिए

### मटर बर्फी बनाने की आसान विधि

**स्टेप 1-** छिले हुए हरे मटर को धोकर थोड़े से दूध के साथ मिक्सी में बारीक पेस्ट बना लें। पेस्ट जितना स्मूद होगा, बर्फी उतनी ही स्वादिष्ट बनेगी।

**स्टेप 2-** कढ़ाही में देसी घी गर्म करें। अब इसमें मटर का पेस्ट डालकर मध्यम आंच पर लगातार चलाते हुए भूनें। यह चरण सबसे अहम है जब तक कच्चे मटर की खुशबू खत्म न हो जाए।

**स्टेप 3-** अब इसमें खोया डालें और अच्छे से मिलाएं। जब खोया गलकर मटर के मिश्रण में समा जाए, तब चीनी डालें।

**स्टेप 4-** मिश्रण गाढ़ा होकर कढ़ाही छोड़ने लगे, तब इलायची पाउडर डालें और एक दो मिनट और पकाएं।

**स्टेप 5-** तब तक एक थाली में घी लगाकर फैला लें।

**स्टेप 6-** गैस बंद करके चिकनी थाली में इस मिश्रण को फैलाएं। ऊपर से ड्राई फ्रूट्स डालें। हल्का ठंडा होने पर मनचाहे आकार में काट लें।

# भाजपा सरकार पूर्वोत्तर में कांग्रेस की गलतियों को सुधार रही : प्रधानमंत्री मोदी




**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर उसके शासनकाल के दौरान असम और पूर्वोत्तर की ''उपेक्षा'' करने का आरोप लगाया तथा जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार उन ''गलतियों'' को सुधार रही है जो कांग्रेस दशकों से इस क्षेत्र में करती आ रही थी। गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि असम और पूर्वोत्तर का विकास कभी भी कांग्रेस के एजेंडे का हिस्सा नहीं था। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा, कांग्रेस ने उन घुसपैठियों को संरक्षण दिया जिन्होंने जंगलों और जमीनों पर कब्जा कर लिया, जिससे असम की सुरक्षा और पहचान को खतरा पैदा हो गया... भाजपा सरकार पूर्वोत्तर में दशकों तक कांग्रेस द्वारा की गई गलतियों को सुधार रही है। मोदी ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इसलिए शुरू किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घुसपैठियों को चुनाव प्रक्रिया से बाहर रखा जा सके, ''लेकिन 'देशद्रोही' उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''केंद्र सरकार घुसपैठ रोकने के लिए सख्त कदम उठा रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की ''डबल इंजन'' वाली सरकार के तहत असम में विकास उसी तरह ''लगातार जारी है'', जैसे शक्तिशाली ब्रह्मपुत्र नदी का प्रवाह। मोदी ने कहा, असम की धरती से मेरा लगाव मुझे प्रेरित करता है, इस क्षेत्र के विकास के लिए मुझे शक्ति प्रदान करता है। असम और पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्र भारत के विकास का द्वार बन रहा है। देश के प्रत्येक राज्य, प्रत्येक क्षेत्र की विकसित भारत के मिशन में महत्वपूर्ण भूमिका है।''

### प्रधानमंत्री मोदी आज असम में 10,600 करोड़ रुपये के उर्वरक संयंत्र की आधारशिला रखेंगे

**डिब्रूगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को असम के डिब्रूगढ़ जिले में 10,600 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले एक नए अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। इस परियोजना से पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र की उर्वरक जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री शनिवार को दो दिवसीय दौरे पर असम पहुंचे। इस दौरान वह राज्य में करीब 15,600 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। यह दौरा विधानसभा चुनाव से लगभग तीन महीने पहले हो रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, अपने दौरे के दूसरे दिन प्रधानमंत्री नामरूप में स्थित ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के परिसर में नए अमोनिया-यूरिया संयंत्र की आधारशिला रखेंगे। बयान में कहा गया कि यह परियोजना किसानों के कल्याण के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बारदोलोई की प्रतिमा का अनावरण किया



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के प्रथम मुख्यमंत्री गोपीनाथ बोरदोलोई के नाम पर बने हवाई अड्डे के नए टर्मिनल के बाहर स्थापित की गई उनकी 80 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। बोरदोलोई की प्रतिमा प्रसिद्ध कलाकार राम सुतार ने बनाई थी, जिनका बुधवार को 100 साल की उम्र में निधन हो गया। सुतार ने ही मुगलों को हराने वाले प्रसिद्ध अहोम जनरल लचित बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा बनाई थी, जिसका मार्च 2024 में मोदी ने ही अनावरण किया था। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने कांग्रेस नेता रहे गोपीनाथ बारदोलोई को भारत रत्न से सम्मानित किया था।

### प्रधानमंत्री मोदी ने गुवाहाटी में रोड शो किया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के अपने दो दिवसीये दौरे के पहले दिन गुवाहाटी में शनिवार शाम को एक रोड शो का नेतृत्व किया, और राज्य की विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का अवलोकन किया। रोड शो राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सरुसजाई स्थित अर्जुन भोगेश्वर बरुआ खेल परिसर के बाहर से शुरू हुआ और बसिष्ठ चारियाली के पास स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर समाप्त हुआ। काले रंग की एसयूवी में आगे बैठे मोदी सड़क के दोनों ओर उमड़ी उत्साहित भीड़ की तरफ हाथ हिलाते हुए नजर आए। चारों ओर 'मोदी जी जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारे गूंज रहे थे। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और पबित्रा मार्गेरिटा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया अपने-अपने वाहनों में रोड शो में शामिल हुए। यह रोड शो असम में भाजपा की ताकत का प्रदर्शन था, जहां अगले साल की शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों की मजबूत उपस्थिति देखी गई, जिन्होंने प्रधानमंत्री के भव्य स्वागत को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की थी।

## न्यूज इन ब्रीफ

### राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले की सुनवाई 17 जनवरी तक टली

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भिवंडी स्थित एक अदालत ने महात्मा गांधी की हत्या पर टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के एक कार्यकर्ता द्वारा दायर मानहानि मामले की सुनवाई शनिवार को 17 जनवरी तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील नारायण अय्यर ने बताया कि यह मामला संयुक्त दीवानी न्यायाधीश (जूनियर डिविजन) पीएम कोलसे की अदालत में सुनवाई के लिए आया। उन्होंने बताया कि जमानतदार से जुड़ी प्रक्रियागत औपचारिकताओं को पूरा करने की जरूरत को देखते हुए अदालत ने सुनवाई स्थगित कर दी। अय्यर ने बताया कि राहुल गांधी को नया जमानतदार पेश करने के लिए कहा गया है, क्योंकि इस मामले में भिवंडी अदालत में उनके मौजूदा जमानतदार शिवराज पाटिल चाकूरकर का 12 दिसंबर को निधन हो गया।

### आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम भारतीय संस्कृति की प्रमुख शक्ति है: राष्ट्रपति मुर्मू

**हैदराबाद :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि देश की आध्यात्मिक विरासत विश्व की मनोवैज्ञानिक, नैतिक और पर्यावरणीय समस्याओं का समाधान प्रदान करती है। हैदराबाद में ब्रह्मा कुमारिज शांति सरोवर द्वारा अपनी 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित 'भारत का शाश्वत ज्ञान: शांति और प्रगति के मार्ग' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिकता और आध्यात्मिकता का मिश्रण भारत की संस्कृति की एक प्रमुख शक्ति है। उन्होंने कहा, ''वसुधैव कुटुंबकम की भावना (संपूर्ण विश्व को एक परिवार के रूप में मानने का दर्शन) आज विश्व शांति के लिए सबसे बड़ी आवश्यकता है।'' मुर्मू राष्ट्रपति के आधिकारिक आवासों में से एक 'राष्ट्रपति निलयम' में अपने शीतकालीन प्रवास के लिए यहां पहुंचीं हैं।

### रक्षा उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को रक्षा मंत्रालय के अधीन रक्षा उत्पादन विभाग में तैनात लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा को बेंगलुरु स्थित एक कंपनी से कथित तौर पर तीन लाख रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि शर्मा के परिसर की तलाशी के दौरान सीबीआई ने 2.23 करोड़ रुपये नकद जब्त किए। सीबीआई ने रक्षा उत्पादन विभाग में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निर्यात के उपनियोजन अधिकारी शर्मा और उनकी पत्नी कर्नल काजल बाली के खिलाफ मामला दर्ज किया था। कर्नल बाली राजस्थान के श्री गंगानगर स्थित 16 इन्फैंट्री डिवीजन आयुध इकाई (डीओयू) की कमांडिंग ऑफिसर के रूप में तैनात हैं। सीबीआई के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि आरोप है कि शर्मा रक्षा उत्पादों के निर्माण, निर्यात आदि से जुड़ी विभिन्न निजी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ आपराधिक साजिश रचकर 'लगातार भ्रष्ट और अवैध गतिविधियों में लिप्त' रहते हैं।

## प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया



**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यहां लोकप्रिय गोपीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एलजीबीआईए) के नए टर्मिनल का उद्घाटन किया। एकीकृत टर्मिनल दो भवन को प्रति वर्ष 1.31 करोड़ यात्रियों की आवाजाही के हिसाब से तैयार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना की कुल लागत 5,000 करोड़ रुपये है, जिसमें रखरखाव, मरम्मत सुविधाओं के लिए विशेष रूप से 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस परियोजना को गुवाहाटी इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड द्वारा विकसित किया गया है, और इसका संचालन अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) द्वारा किया जा रहा है। अदाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा कि नया टर्मिनल क्षेत्रीय और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देगा, जिससे पर्यटन क्षमता के साथ ही उभरते आर्थिक प्रवेश द्वार के रूप में गुवाहाटी की भूमिका मजबूत होगी।

## गुवाहाटी को 'प्रकृति' विषय पर केंद्रित भारत का पहला हवाई अड्डा मिला



**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को यहां लोकप्रिय गोप-ीनाथ बारदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नये टर्मिनल भवन का का उद्घाटन किया। यह ''देश का पहला नेचर-थीम वाला हवाई अड्डा है, जहां से हर साल करीब एक करोड़ 31 लाख यात्री आते-जाते हैं। इस परियोजना में रखरखाव, मरम्मत और नवीनीकरण (एमआरओ) सुविधाओं के लिए विशेष रूप से 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसकी लागत 5,000 करोड़ रुपये है। इसका उद्देश्य हवाई अड्डे को पूर्वोत्तर के लिए एक प्रमुख विमानन केंद्र एवं दक्षिण पूर्व एशिया के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करना है। पुराने टर्मिनल से नए टर्मिनल में स्थानांतरण की प्रक्रिया फरवरी में शुरू होने वाली है, शुरुआत में घरेलू उड़ानें नए टर्मिनल से संचालित होंगी। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रक्रिया मार्च के अंत तक पूरी होने की उम्मीद है, जिसके बाद घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों उड़ानें नए टर्मिनल में स्थानांतरित की जाएंगी, जबकि मौजूदा टर्मिनल को 'कार्गो हब' (माल और वस्तुओं का केंद्र) में परिवर्तित कर दिया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर : घुसपैठ की आशंका के चलते अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई

**जम्मू :** जम्मू क्षेत्र में घने कोहरे का फायदा उठाकर आतंकवादियों के घुसपैठ करने की कोशिश के बारे में खुफिया जानकारी के मिलने के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने आतंकवाद विरोधी अभियान तेज कर दिए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, कठुआ, सांबा, जम्मू और राजौरी जिलों में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट विभिन्न स्थानों पर पुलिस, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और सेना के जवान तलाशी अभियान चला रहे हैं। किश्तवाड़ के चतरू में भी यह अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया जानकारी के अनुसार, पिछले दो दिनों में कठुआ-सांबा-जम्मू सेक्टर में हीरानगर, घगवाल, रामगढ़ और अखनूर क्षेत्रों के सामने सीमा पर स्थित लॉन्च पैड पर संदिग्ध आतंकवादियों की आवाजाही देखी गई है। आतंकवादियों के घुसपैठ की संभावित कोशिश को रोकने के लिए कठुआ जिले के बोबिया सीमा चौकी, टप्पन, मरीद, पहाड़पुर, पानसर, मनियारी, तरनाह नाला, बेन नाला, किशनपुर कंडी, चक छब्बे, डोलका सम्याल और रुख-ए-सरकार इलाकों में तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है। इसके अलावा, सुरक्षाबलों के जवान सांबा में बाबर नाला, पलोरा, त्रयाल, मानसर और चिल्ला डांगा तथा अखनूर सेक्टर में प्रागवाल और आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान चला रहे हैं।

## श्री महाशक्ति शिवसागर समिति ने स्वर्गीय राहुल बैद की पुण्यतिथि पर 500 जरूरतमंदों को सहायता प्रदान की




**कोलकाता, समाज्ञा :** समाजसेवी संस्था श्री महाशक्ति शिवसागर समिति ने अपने संरक्षक करण सिंह बैद के पुत्र स्वर्गीय राहुल बैद (सुपौत्र स्वर्गीय छतर सिंह बैद) की प्रथम पुण्यतिथि पर समाजसेवा का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर समिति ने कोलकाता के 10 कैनिंग स्ट्रीट पर 500 जरूरतमंद लोगों के बीच शीत वस्त्र और भोजन वितरित किया। समारोह में समिति के अध्यक्ष पं. लक्ष्मीकांत तिवारी, संरक्षक करण सिंह बैद, आनंद सिंह बैद, महामंत्री भोला प्रसाद सोनकर के साथ प्रषोतम तिवारी, श्यामल कर, अखिलेश सिंह, संतोष सिंह, प्रभाकर सिंह, मनोज मिश्रा, नंदू सिंह, अश्वनी सोनकर, बबलू सोनकर, मनोज गुप्ता, कमलेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, बिनोद सोनकर, उपेंद्र चौधरी, संतोष चौरसिया, रवि सोनकर, जितेंद्र चौरसिया, सनोज सिंह, अभिषेक सोनकर, सिवांकु मंडल, गोपाल सुथार, शम्भु सिंह, राज कुमार सोनकर, संजय गुप्ता, अरुण साव, गोपाल ठाकुर, बिमाल घोष, परमानंद सोनकर, प्रेम सिंह, सत्येन्द्र राय, राम अयोध्या साव, पलटू सोनकर, नागेंद्र सिंह खरवार, नीरज चौधरी और मैनेजर प्रसाद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आईएनएस सिंधुघोष 40 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद सेवामुक्त : नौसेना



**नयी दिल्ली :** पश्चिमी नौसेना कमान ने शनिवार को घोषणा की कि भारतीय नौसेना में अपने वर्ग की प्रमुख पनडुब्बी, आईएनएस सिंधुघोष को राष्ट्र की 40 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद सेवामुक्त कर दिया गया। नौसेना से पनडुब्बी की सेवामुक्ति का समारोह मुंबई स्थित नौसेना गोदी में पश्चिमी नौसेना के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (एफओसीआईएनसी) वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन की उपस्थिति में आयोजित किया गया। पश्चिमी नौसेना कमान ने 'एक्स' पर कहा, भारतीय नौसेना में अपनी श्रेणी की अग्रणी पनडुब्बी, आईएनएस सिंधुघोष को 19 दिसंबर 2025 को सूर्यास्त के समय, राष्ट्र की 40 वर्षों की गौरवशाली सेवा के बाद, मुंबई के नौसेना गोदी में, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन, एफओसीआईएनसी डब्ल्यूएनसी की उपस्थिति में सेवामुक्त कर दिया गया। लेफ्टिनेंट कमांडर रजत शर्मा की कमान में पनडुब्बी को सेवामुक्त कर दिया गया। पनडुब्बी के दूसरे कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन के.आर. अजरेकर (सेवानिवृत्त) इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि थे। पश्चिमी नौसेना कमान ने भी समारोह की कुछ तस्वीरें साझा कीं।

### भारत में जन्मी वित्तीय पत्रकार को 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' सम्मान

**लंदन :** ब्रिटेन में कार्यरत भारतीय मूल की एक पत्रकार को वित्तीय पत्रकारिता में उनके योगदान के लिए 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' से सम्मानित किया गया है। भारत में जन्मी श्रुति त्रिपाठी चोपड़ा को इस सप्ताह एक समारोह में यह सम्मान दिया गया। वह डॉव जोन्स के प्रकाशनों 'फाइनेंशियल न्यूज़' और 'प्राइवेट इक्विटी न्यूज़' की एडिटर-इन-चीफ हैं। 'फ्रीडम ऑफ द सिटी ऑफ लंदन' की परंपरा 13वीं सदी से चली आ रही है और समय के साथ यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाने लगा है, जिन्होंने लंदन के वित्तीय केंद्र में उल्लेखनीय प्रभाव डाला हो।

## देश के उत्तरी राज्यों में कोहरे का कहर, कश्मीर और हिमाचल में बर्फबारी के आसार

**नयी दिल्ली :** देश के उत्तरी हिस्सों में शनिवार को सर्दी ने जोर पकड़ लिया। कई राज्यों में न्यूनतम तापमान सर्दियों के अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया, जबकि घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। उत्तर प्रदेश में घने कोहरे और कड़ाके की ठंड को देखते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भी शीत लहर और घने कोहरे की चपेट में रही। दृश्यता बेहद कम रहने के कारण दिल्ली हवाई अड्डे पर कम से कम 129 उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। खराब मौसम के साथ-साथ वायु गुणवत्ता भी गंभीर स्तर के करीब पहुंच गई। शाम चार बजे दिल्ली का औसत एक्यूआई 398 दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में अगले कुछ दिनों के दौरान बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में मध्यम से भारी बर्फबारी की संभावना है। कश्मीर में 'चिल्ला-ए-कलां' की शुरुआत से पहले ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी का पूर्वानुमान है। पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश में भी ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार हैं, जबकि कई जिलों में कोहरे को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी ठंड और कोहरे का असर बना हुआ है।

## मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चलाया, नए काले कानून के खिलाफ लड़ने को प्रतिबद्ध: सोनिया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक' संसद से पारित होने के बाद शनिवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने मनरेगा पर बुलडोजर चला दिया है और करोड़ों किसानों, श्रमिकों एवं भूमिहीन ग्रामीण वर्ग के गरीबों के हितों पर हमला किया है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी नए काले कानून के खिलाफ लड़ाई को प्रतिबद्ध हैं। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक वीडियो संदेश में कहा, मुझे आज भी याद है, 20 साल पहले डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे, तब संसद में मनरेगा कानून आम राय से पास किया गया था। यह ऐसा क्रांतिकारी कदम था, जिसका फायदा करोड़ों ग्रामीण परिवारों को मिला था। खासतौर पर वंचित, शोषित, गरीब और अतिगरीब लोगों के लिए रोजी-रोटी का जरिया बना। उन्होंने कहा, रोजगार के लिए अपनी माटी, अपना गांव, अपना घर-परिवार छोड़कर पलायन करने पर रोक लगी। रोजगार का कानूनी हक दिया गया, साथ ही ग्राम पंचायतों को ताकत मिली। मनरेगा के जरिए महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपनों के भारत की ओर एक ठोस कदम उठाया गया। उन्होंने दावा किया कि पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार, गरीबों और वंचितों के हितों को नजरअंदाज कर मनरेगा को कमजोर करने की हर कोशिश की, जबकि कोविड के वक़्त ये गरीब वर्ग के लिए संजीवनी साबित हुआ।

## उत्तराखंड: धामी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष से निपटने के लिए 'सोलर फेंसिंग' लगाने की घोषणा

**देहरादून :** उत्तराखंड में मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर चुनौती से निपटने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को 'सोलर फेंसिग' एवं सेंसर आधारित अलर्ट प्रणाली स्थापित करने और प्रत्येक जिले में वन्यजीव बंध्याकरण केंद्र एवं वन्यजीव पुनर्वास केंद्र स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि राज्य में मानव-वन्य जीवन संघर्ष के कई मामले सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के जिन क्षेत्रों में हाथी, नीलगाय, भालू, तेंदुआ एवं बंदर जैसे वन्यजीवों द्वारा फसलों व भौतिक अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचाया जाता है, हमले में जानमाल की हानि होती है, वहां चरणबद्ध तरीके से 'सोलर फेंसिग' एवं सेंसर आधारित अलर्ट प्रणाली से सुरक्षा तंत्र विकसित कर मानव-वन्य जीव संघर्ष को कम करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लंगूर, बंदर, सूअर, भालू आदि वन्यजीवों की जनसंख्या नियंत्रण के लिए प्रत्येक जिले में वन विभाग के अंतर्गत आधुनिक वन्यजीव बंध्याकरण केंद्र की स्थापना की जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित वन्यजीवों के लिए बचाव एवं पुनर्वास केंद्र खोले जायेंगे।

## आज की दुनिया गठबंधन की राजनीति जैसी, भारत को लचीला बने रहना चाहिए: जयशंकर



**पुणे :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य ''गठबंधन की राजनीति'' की तरह है, जहां निष्ठाएं लगातार बदलती रहती हैं। उन्होंने कहा कि भारत को ऐसे परिदृश्य में लचीला रुख अपनाते हुए अपने हितों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। जयशंकर पुणे साहित्य महोत्सव में राष्ट्रीय पुस्तक ट्रस्ट के निदेशक युवराज मलिक के साथ 'कूटनीति से विमर्श' विषय पर बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमारे देश में एक दौर गठबंधन की राजनीति का था। आज की दुनिया भी गठबंधन की राजनीति जैसी ही है। किसी के पास बहुमत नहीं है। किसी गठबंधन को बहुमत हासिल नहीं है। इसलिए लगातार समीकरण बदलते रहते हैं, सौदे होते रहते हैं, कोई ऊपर जाता है तो कोई नीचे। यह पूरी तरह से बहुध्रुवीय दुनिया है, जहां कई साझेदार हैं। जयशंकर ने कहा कि इस अस्थिर स्थिति से निपटने के लिए उनका मंत्र भारत के हितों को ध्यान में रखते हुए फैसले लेना था। उन्होंने कहा, हमें बहुत लचीला रुख अपनाना होगा। कभी-कभार आप किसी एक मुद्दे पर किसी के साथ होते हैं और किसी दूसरे मुद्दे पर किसी दूसरे के साथ। इन सबके बावजूद मेरा एक ही सिद्धांत है - जो मेरे देश के हित में हो। जो भी मेरे देश के हित में हो, वही मेरा फैसला होगा। इस साहित्य महोत्सव का आयोजन पुणे पुस्तक महोत्सव के साथ किया जा रहा है। अपनी एक पुस्तक के उस अंश के बारे में पूछे जाने पर, जिसमें उन्होंने प्रमुख शक्तियों के साथ भारत के संबंधों पर चर्चा की है, जयशंकर ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में देश की विदेश नीति का प्रबंधन कहीं अधिक जटिल हो गया है। उन्होंने कहा, ''किताब लिखते समय मैं इस बात पर विचार कर रहा था कि भारत की समग्र विदेश नीति का एक वाक्य में वर्णन करने के लिए किन शब्दों का चुनाव करूं।''

## अंडों का सेवन सुरक्षित, कैंसर से जोड़ने वाले दावे भ्रामक : एफएसएसएआई



**नयी दिल्ली :** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने अंडों को कैंसर के खतरे से जोड़ने वाले हालिया दावों को सिरे से खारिज करते हुए इन्हें भ्रामक, वैज्ञानिक रूप से निराधार और अनावश्यक भय पैदा करने वाला बताया है। नियामक संस्था ने स्पष्ट किया है कि देश में उपलब्ध अंडे पूरी तरह सुरक्षित हैं और इनके सेवन से कैंसर का कोई प्रमाणित जोखिम नहीं है। शनिवार को जारी बयान में एफएसएसएआई ने कहा कि मीडिया और सोशल मीडिया पर यह दावा किया गया था कि भारत में बिकने वाले अंडों में 'नाइट्रोफ्यूरान मेटाबोलाइट्स' पाए गए हैं, जिनका कथित तौर पर कैंसर से संबंध बताया जा रहा है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक (संदूषक, विषैले पदार्थ और अवशेष) विनियम, 2011 के तहत मुर्गी पालन और अंडा उत्पादन में नाइट्रोफ्यूरान के उपयोग पर सख्त प्रतिबंध है। एफएसएसएआई के अनुसार, अधिकतम अवशेष सीमा से नीचे सूक्ष्म स्तर पर किसी तत्व का पाया जाना न तो खाद्य सुरक्षा का उल्लंघन है और न ही इससे स्वास्थ्य को कोई खतरा होता है। वैज्ञानिक प्रमाणों का हवाला देते हुए प्राधिकरण ने कहा कि नाइट्रोफ्यूरान मेटाबोलाइट्स के सूक्ष्म आहार संपर्क और मनुष्यों में कैंसर के बीच कोई स्थापित संबंध नहीं है। एफएसएसएआई ने उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देने और केवल आधिकारिक व वैज्ञानिक स्रोतों पर भरोसा करने की अपील की। उसने दोहराया कि नियमों के अनुरूप उत्पादित अंडे सुरक्षित, पौष्टिक और संतुलित आहार का अहम हिस्सा हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### विमान के अंदर धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया पाकिस्तानी हॉकी टीम का मैनेजर



**कराची:** पूर्व ओलंपियन और मैनेजर के तौर पर एफआईएच प्रो लीग में पाकिस्तान की सीनियर टीम के साथ अर्जेंटीना गए अंजुम सईद उस समय मुश्किल में फंस गए जब ब्राजील में रियो डि जनेरियो हवाई अड्डे पर विमान में ईंधन भरते समय धूम्रपान करने के कारण उन्हें विमान से उतार दिया गया। अंजुम को एक पाकिस्तानी खिलाड़ी के साथ दुबई जाने वाले विमान में चढ़ने की अनुमति नहीं दी गई क्योंकि ब्राजील में ईंधन भरने के लिए विमान के रुकने के दौरान उन्हें धूम्रपान करते हुए पकड़ा गया था।

### विजय हजारे ट्रॉफी में महाराष्ट्र की अगुआई करेंगे रुतुराज गायकवाड़

**पुणे:** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ 24 दिसंबर से शुरू हो रही विजय हजारे ट्रॉफी के पहले तीन मुकाबलों में महाराष्ट्र की कप्तानी करेंगे। टीम में पृथ्वी साव और जलज सक्सेना दोनों शामिल हैं जो इस सत्र की शुरुआत से पहले राज्य की टीम में शामिल हुए थे। महाराष्ट्र एलीट ग्रुप सी में है और टूर्नामेंट के पहले मैच में 24 दिसंबर को जयपुर में पंजाब से भिड़ेगा। ग्रुप की अन्य टीमें सिक्किम, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, मुंबई, छत्तीसगढ़ और गोवा हैं। टीम इस प्रकार है : रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), पृथ्वी साव, अर्शिन कुलकर्णी, सिद्धेश वीर, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, सौरभ नवाले (विकेटकीपर), विक्की ओस्तवाल, जलज सक्सेना, रामकृष्ण घोष, रजनीश गुरबानी, राजवर्धन हंगरगेकर, प्रशांत सोलंकी, निखिल नाइक (विकेटकीपर), प्रदीप दाधे, सिद्धार्थ म्हात्रे, सचिन धस, सत्यजीत बच्चाव।

# गिल बाहर, इशान किशन और रिंकू सिंह की टी20 विश्व कप टीम में वापसी



**मुंबई:** राष्ट्रीय चयन समिति ने प्रतिष्ठा के बजाय मौजूदा फॉर्म को तरजीह देते हुए टी20 विश्व कप के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय भारतीय टीम से स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल को बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और भरोसेमंद फिनिशर रिंकू सिंह को टीम में शामिल कर बड़ा संदेश दिया है कि प्रदर्शन ही चयन का आधार होगा। मुंबई में हुई बैठक में गिल को बाहर रखना सबसे चर्चा में रहा फैसला रहा। हालांकि हालिया फॉर्म को देखते हुए इसे पूरी तरह चौंकाने वाला नहीं माना जा रहा। गिल के बाहर होने के बाद ऑलराउंडर अक्षर पटेल को उपकप्तान बनाया गया है। टेस्ट और वनडे में निरंतर प्रदर्शन के बावजूद गिल टी20 अंतरराष्ट्रीय में, खासकर सलामी बल्लेबाज के तौर पर, अपनी भूमिका तय करने में नाकाम रहे हैं। पावरप्ले में उनका कम स्ट्राइक रेट और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 4, 0 और 28 रन की पारियां उनके खिलाफ गईं। चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा कि गिल इस समय रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। वहीं कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि शीर्ष क्रम में विकेटकीपर बल्लेबाज की जरूरत को ध्यान में रखकर फैसला लिया गया है। ईशान किशन की वापसी से साफ है कि चयनकर्ता बाएं-दाएं हाथ के आक्रामक संयोजन को प्राथमिकता दे रहे हैं। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में शतक लगाकर झारखंड को खिताब दिलाने वाले किशन ने मजबूत दावा पेश किया। हालांकि उनकी वापसी से यशस्वी जायसवाल और जितेश शर्मा को टीम से बाहर रहना पड़ा। मध्य और निचले क्रम में रिंकू सिंह की मौजूदगी दबाव में रन बनाने और अंतिम ओवरों में आक्रामक बल्लेबाजी की भारत की रणनीति को दर्शाती है। हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर टीम को संतुलन और गहराई देंगे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे, जबकि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती स्पिन विभाग संभालेंगे। हर्षित राणा का चयन भविष्य की जरूरतों को देखते हुए किया गया कदम माना जा रहा है।

**टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान),कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, संजू सैमसन (विकेटकीपर),वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह।**

### गिल अभी रन नहीं बना पा रहे है लेकिन वह बेहतरीन खिलाड़ी हैं: अगरकर

**मुंबई:** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने शनिवार को कहा कि हालिया मैचों में शुभमन गिल के रन नहीं बना पाने और संयोजन की मजबूरियों के कारण उन्हें टी20 विश्व कप की टीम में शामिल नहीं किया गया। भारतीय टी20 टीम के हाल में उपकप्तान नियुक्त किए गए गिल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। उन्होंने इस श्रृंखला में चार, शून्य और 28 रन बनाए जबकि चोट के कारण पांचवां मैच नहीं खेल पाए। अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'हमें पता है कि वह कितने शानदार खिलाड़ी हैं, लेकिन इस समय शायद उनके बल्ले से उतने रन नहीं निकल पा रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'वह बदकिस्मती से पिछले विश्व कप से भी बाहर रह गए थे क्योंकि हमने अलग संयोजन के साथ खेलने का फैसला किया था। टीम चयन में संयोजन का ध्यान रखना होता है। हम ऐसे विकेटकीपर चाहते थे जो शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी कर सके।' अगरकर ने कहा, 'जब आप 15 खिलाड़ियों की टीम चुनते हैं तो किसी न किसी को बाहर रहना पड़ता है और इस बार दुर्भाग्य से गिल को बाहर होना पड़ा।'

## अंडर-19 एशिया कप फाइनल: पाकिस्तान के खिलाफ दबदबा बरकरार रखने उतरेगा भारत



**दुबई:** भारतीय अंडर-19 टीम रविवार को आईसीसी अकादमी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अंडर-19 एशिया कप फाइनल में रिकॉर्ड 12वां खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। आयुष म्हात्रे की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और ग्रुप ए के सभी मैच जीतकर शीर्ष पर रही। ग्रुप चरण में भारत ने पाकिस्तान को 90 रन से हराकर अपनी श्रेष्ठता साबित की थी। भारत ने सेमीफाइनल में भी उसी लय को बरकरार रखते हुए श्रीलंका को आठ विकेट से मात दी, जबकि पाकिस्तान ने गत चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल तक भारत का सफर संतुलित बल्लेबाजी और धारदार गेंदबाजी पर आधारित रहा है। टीम ने टूर्नामेंट में दो बार 400 से अधिक का स्कोर बनाकर अपनी बल्लेबाजी की ताकत दिखाई है। बल्लेबाजी में युवा विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू और वैभव सूर्यवंशी ने खासा प्रभाव छोड़ा है। सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 171 रन की पारी खेली, जबकि कुंडू ने मलेशिया के खिलाफ नाबाद 209 रन बनाकर युवा वनडे में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले भारतीय बने। मध्यक्रम में आरोन जॉर्ज, विहान मल्होत्रा और ऑलराउंडर कनिष्क चौहान ने अहम योगदान दिया है। चौहान ने बल्ले के साथ-साथ गेंद से भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए चार मैचों में छह विकेट लिए हैं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन भारत की ताकत रहे हैं, जिन्होंने 11 विकेट लेकर टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। पाकिस्तान की उम्मीदें उनकी तेज गेंदबाजी इकाई पर टिकी होंगी, हालांकि बल्लेबाजी उनकी कमजोरी रही है। भारत सितंबर में सीनियर टीम की तरह जूनियर स्तर पर भी पाकिस्तान के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखना चाहेगा।

## श्रीलंका के खिलाफ पांच टी20 मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम युवाओं को परखेगी

**विशाखापत्तनम:** भारतीय टीम रविवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए ऐसे युवा खिलाड़ियों की तलाश करना चाहेगी जो टीम को लंबे समय तक स्थिरता प्रदान कर सके। टीम में कप्तान हरमनप्रीत कौर, उपकप्तान स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा और रेणुका सिंह जैसे परिचित चेहरे मौजूद हैं, लेकिन यह सभी खिलाड़ी 30 की उम्र पार कर चुके हैं या उस ओर बढ़ रहे हैं। भारतीय टीम प्रबंधन की निगाहें ऐसे में युवा बल्लेबाज जी कमलिनी और उभरती हुई बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा के प्रदर्शन पर टिकी रहेंगी। सत्रह साल की कमलिनी ने तमिलनाडु के लिए बीसीसीआई अंडर-23 टी20 ट्रॉफी, इस साल की शुरुआत में अंडर-19 विश्व कप और फिर महिला प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए अपनी परिपक्वता का परिचय दिया है। वैष्णवी शर्मा ने अंडर-19 विश्व कप में सर्वाधिक 17 विकेट लेकर चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। राधा यादव की अनुपस्थिति में 19 वर्षीय वैष्णवी को साथी बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरणी के साथ गेंदबाजी करने का मौका मिल सकता है, जिन्होंने हाल के महीनों में काफी प्रभावशाली प्रदर्शन किया है।

### पिछले एक महीने से मैदान पर उतरने का इंतजार कर रही हूं: हरमनप्रीत

**विशाखापत्तनम:** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला से पहले कहा कि एकदिवसीय विश्व कप में सफल अभियान के बाद टीम अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारियों के लिए लंबे समय से मैदान पर उतरने का इंतजार कर रही है। हरमनप्रीत ने मैच पूर्व संध्या पर कहा, '(वनडे विश्व कप जीत के बाद) हमारा कार्यक्रम काफी व्यस्त था, लेकिन मुझे हर विश्व कप के बाद ऐसा ही कार्यक्रम चाहिए। इसलिए मुझे कोई परेशानी नहीं है। हम इस श्रृंखला को लेकर काफी उत्साहित हैं। पिछले एक महीने से हम मैदान पर उतरने का इंतजार कर रहे थे क्योंकि आखिरकार मैदान पर खेलना ही हमें सबसे ज्यादा खुशी देता है।'

## विजय हजारे ट्रॉफी में बंगाल के आक्रमण की अगुवाई करेंगे मोहम्मद शमी

**कोलकाता:** भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को आगामी विजय हजारे ट्रॉफी एकदिवसीय प्रतियोगिता के लिए बंगाल की टीम में शामिल किया गया है।शमी लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं लेकिन उन्होंने चोट से उबरने के बाद बंगाल की तरफ से घरेलू क्रिकेट में शानदार वापसी की। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में वर्तमान सत्र में अभी तक सभी प्रारूप में 36 विकेट लिए हैं। भारतीय



घरेलू सत्र की शुरुआत रणजी ट्रॉफी से हुई जिसमें शमी ने चार मैच में 18.60 के औसत से 20 विकेट लिए। उन्होंने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी टी20 टूर्नामेंट में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और सात मैचों में 14.93 के औसत से 16 विकेट हासिल किए। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। बंगाल की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज आकाश दीप और मुकेश कुमार भी शामिल हैं। बंगाल में शुक्रवार को विजय हजारे ट्रॉफी के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को कप्तान बनाया गया है।

श्री भीमेश्वरी देवी नमः
श्री गणेशाय नमः
श्री हनुमते नमः

महाभारत युद्ध पूर्व पाण्डव पुत्र भीम द्वारा बेरी (हरियाणा) में स्थापित


माँ भीमेश्वरी देवी- बेरी


माँ भीमेश्वरी मंदिर, बेरी

माँ भीमेश्वरी देवी बेरीवाली
पंचम वार्षिकोत्सव

गुरुवार, 1 जनवरी 2026 स्थान : श्री राम श्याम देवी मंदिर
4, कैनाल स्ट्रीट, हेस्टिंग्स, कोलकाता-700 022 (ऑर्डिनेन्स क्लब के पास, आइस फैक्ट्री के सामने)

हिंगलाज से चलकर आयी हिमाचल की जायी। बेरी में निज धाम बनाया भक्तों को हर्षायी ।।

मंगलपाठ : प्रातः 11 बजे से भजन संध्याः सायं 5 बजे से, आरती : रात्रि 8 बजे (प्रसाद की व्यवस्था है)

मंगलपाठ में बैठने के लिए महिलाएं कृपया नाम लिखाएं
अरूण अग्रवाल-9830120013, अनिल बेरीवाल-9674836881
राजेंद्र अग्रवाल-9330122502, राजकुमार मित्तल-9830693211 (भेंट : 101 रुपए)

सभी भक्त सपरिवार सबान्धव सादर आमंत्रित हैं


आमंत्रित गायिका
मारूति मोहता


मंगल पाठ
डॉली अग्रवाल

आयोजक : माँ भीमेश्वरी देवी परिवार

SHYAM STEEL | BMWIL BMW Industries Ltd. | SKIPPER LIMITED | UTKARSH Life demands. We deliver. | SHYAM METALICS | BEEKAY STEEL INDUSTRIES LIMITED | HMB GROUP | ANIL TRADERS KOLKATA | SOORAJMULL BAIJNATH | SANJAY AGARWAL Forum Pravesh, Howrah

वर्ष 10, पूर्णांक 3449 अंक 259, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित। सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in